हरिभूमि
रायपुर भूमि



# पीएम आवास के 25 मकान 7 सालों से खाली, इनमें कई हुए जर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर से करीब 10 किलोमीटर दूर एयरपोर्ट की बाउंड्रीवॉल से लगी माना बस्ती में रहने वाले 45 परिवारों को विस्थापित करने के लिए 7 वर्ष पहले बस्ती से करीब एक किलोमीटर दूर खाली पड़ी शासकीय जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वतंत्र मकान बनवाए गए, लेकिन लंबी अवधि के बाद भी इन मकानों में एक भी परिवार रहने नहीं पहुंचा। इस कारण इन मकानों की हालत अब जर्जर हो चुकी है। जिन्हें ये मकान मिले है, उन हितग्राहियों का कहना है कि मकान तो बनवा दिए गए, लेकिन बिजली की व्यवस्था ही नहीं की गई है। बिना बिजली के कैसे कोई परिवार मकान में रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट परिसर एवं विकास कार्यों का विस्तार करने के लिए ग्राम पंचायत माना बस्ती में एयरपोर्ट बाउंड्रीवाल के मुख्य सड़क से लगे 45 घरों में रहने वाले परिवारों को विस्थापित करने की योजना वर्ष 2018 में लाई गई थी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

**एयरपोर्ट बाउंड्रीवॉल से लगी माना बस्ती के 45 परिवारों को विस्थापित करने लाई गई थी योजना**

### 700 वर्गफीट जमीन पर मकान बनाने 1.20 लाख रुपए की स्वीकृति

विस्थापित योजना के तहत 45 परिवार जिस जगह पर वर्तमान में रहते हैं, उससे करीब 1 किलोमीटर दूर शासकीय जमीन है। इस जमीन पर प्रत्येक परिवार को 700 वर्गफीट की जमीन आवंटित की गई है, साथ ही जमीन पर वन बीएच का मकान बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए एवं शौचालय के लिए अलग से 12 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी।

### रोड, पानी की व्यवस्था पर बिजली नहीं

विस्थापित परिवारों के लिए जिस जमीन पर मकानों का निर्माण कराए गए हैं, वहां रोड एवं पानी की व्यवस्था की गई थी, लेकिन बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि जिन परिवारों के मकान पूर्ण हो चुके हैं, वे भी अब तक नए घरों में रहने नहीं जा रहे हैं। इन लोगों का उनका कहना है कि जहां कालोनी बसाई गई है, वह क्षेत्र पूरा खाली पड़ा हुआ है, जिससे सर्प-बिच्छु का खतरा भी है। ऐसे में बिना बिजली के कोई परिवार कैसे वहां रहेगा।

### कई परिवारों की पीएम आवास की किस्त भी अटकी

जिन परिवारों को यहां जमीन एवं मकान बनाने के लिए राशि स्वीकृत की गई है, उनमें कई परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त भी पूरी नहीं मिल पाई है, जिसके कारण उनके आवास अब तक अधूरे है। सूत्रों से पता चला कि जमीन पर वन बीएच का मकान निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। इसके तहत हॉल, एक कमरा, रसोई एवं शौचालय का निर्माण किया जाना था, लेकिन हितग्राहियों ने एक के स्थान पर दो-दो कमरे बनवा लिए हैं। यही वजह है कि उनकी किस्त की राशि भी अटक गई है।




## खबर संक्षेप

### प्रेमिका को सामने बिठाकर बाइक राइडिंग, केस दर्ज



**रायपुर।** इंस्टाग्राम पर वायरल हुए वीडियो को लेकर राखी पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध अश्लीलता फैलाने एवं लापरवाही से ड्राइविंग करने का प्रकरण दर्ज किया है। इस वीडियो में आरोपी बाइक चालक भीमेश देवांगन निवासी मठपुरैना थाना टिकरापारा अपनी प्रेमिका को बाइक की पेट्रोल टंकी के ऊपर बिठाकर घुमा रहा था। इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने बाइक और आरोपी की पहचान कर उसे पकड़कर न केवल उसे कान पकड़कर उठक-बैठक कराई, बल्कि उसके विरुद्ध अश्लीलता फैलाने एवं लापरवाही से ड्राइविंग करने के मामले में बीएनएस और एमवी एक्ट के तहत अपराध भी पंजीबद्ध किया है।

### शास्त्री मार्केट से बाइक पार, शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर यूनिट एवं गोलबाजार पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी तौसिफ खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 जुलाई को वह अपने होंडा प्लेजर वाहन को शास्त्री बाजार मछली मार्केट के सामने खड़ा किया था। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर उसे लेकर फरार हो गया। इस मामले में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान शिवशंकर नेताम निवासी संजय नगर टिकरापारा के रूप में करते हुए उसे गिरफ्तार किया।


### चाकूबाजी की घटना में शामिल 3 गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना में शामिल 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 15 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे एसबीटी कंपनी के सामने की है। कोरियर कंपनी में कार्यरत महेंद्र सिंह ध्रुव अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान तीन अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और मामूली बात को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर महेंद्र सिंह ध्रुव को चोट पहुंचाई तथा घटना के बाद फरार हो गए।







वेंटिलेटर पर तीन सहित 9 मरीज थे मौजूद, डाक्टरों सहित चिकित्सकीय स्टाफ की काम आई मुस्तैदी

# आंबेडकर अस्पताल में इमरजेंसी यूनिट का एसी फटा, स्ट्रेचर पर डालकर बचाई गई मरीजों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सबसे बड़े शासकीय डा. बीआर आंबेडकर अस्पताल में मंगलवार को आगजनी की बड़ी घटना होते-होते टल गई। यहां के इमरजेंसी यूनिट में लगे एसी से निकली आग ने मॉनिटर सहित अन्य उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी के दौरान मौजूद डाक्टरों और अन्य चिकित्सकीय स्टाफ ने सक्रियता दिखाते हुए मरीजों को स्ट्रेचर और व्हील चेयर की मदद से वार्ड से बाहर निकाला। घटना के वक्त इमरजेंसी यूनिट में तीन वेंटिलेटर सहित 9 मरीज भर्ती थे।

- विभागों के आईसीयू और वार्डों में शिफ्ट किए गए मरीज, दमकल विभाग की टीम ने बुझाई आग

आगजनी के बाद मरीजों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विभागों के आईसीयू और वार्डों में शिफ्ट किया गया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इमरजेंसी विभाग में ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने करीब पौने बारह बजे मेडिसिन वार्ड में लगे एक एसी से धुआं निकलता देखा। इससे पहले की धुएं की वजह का पता लगाया जाता, एसी से आग निकलने लगी जिसने निकट मौजूद मॉनिटर को अपनी चपेट में ▶▶|शेष पेज 13 पर



### नवंबर 2024 में न्यू ट्रामा में फटा था एसी का कंप्रेसर

आंबेडकर अस्पताल की तीसरी मंजिल पर मौजूद न्यू ट्रामा में लगे एसी का कंप्रेसर 5 नवंबर 2024 को ब्लास्ट हुआ था। इस दौरान वहां मौजूद मरीजों को वार्ड की खिड़कियों का शीशा और रॉड तोड़कर बाहर निकाला गया था। घटना के बाद महीनेभर तक इस यूनिट को बंद रखा गया था। आज हुई आगजनी के बाद इमरजेंसी यूनिट के साथ आपात चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हुई है। सीएमओ कक्ष और इमरजेंसी को वैकल्पिक रूप से ओपीडी गेट की तरफ शिफ्ट किया गया है।



### सही समय पर काबू पा लिया

इमरजेंसी यूनिट में हुई आगजनी पर दमकल विभाग से सही समय पर काबू पा लिया था। घटना में मरीजों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। वार्ड में मौजूद कुछ उपकरण जरूर जल गए हैं।

- डा. संतोष सोनकर
चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### काम नहीं कर पाया स्प्रिंकलर

*इमरजेंसी यूनिट में आगजनी जैसी घटना को रोकने के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। मंगलवार को आगजनी की घटना के दौरान पूरे यूनिट में गहरा काला धुआं भरने के बाद भी यह काम नहीं कर पाया। जानकारों का कहना है कि दो साल पहले यहां के फायर यूनिट को अपडेट किया गया था, मगर सही वक्त पर स्प्रिंकलर ने साथ नहीं दिया। अस्पताल में मौजूद अग्निशमन यंत्रों का आग बुझाने में उपयोग किया गया, मगर यह पर्याप्त नहीं था।*

### चौबीस घंटे, सातों दिन उपयोग

*आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग का उपयोग चौबीस घंटे और सातों दिन होता है। यहां लगाए गए एसी सहित अन्य उपकरणों को राहत देने के लिए दिन में कुछ देर के लिए बंद किया जाता है। कुल 30 बेड की क्षमता वाले इस आपातकालीन विभाग में दोपहर बाद काफी संख्या में मरीज होते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर आगजनी की घटना रात अथवा दोपहर बाद होती, तो स्थिति विकट हो सकती थी।*

# हाजिर हो...एक लाख शिक्षकों को नहीं मिलेगा पूर्ण वेतन

## दूरस्थ क्षेत्रों में इंटरनेट बना कारण

- जिन जिलों में वेतन कटौती, वहां 7 अगस्त को होगा जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव
- शिक्षकों का कहना–ऐप त्रुटिपूर्ण, पूर्ण उपस्थिति इसके जरिए संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर जुलाई माह का वेतन जारी किए जाने संबंधित आदेश के बाद शिक्षकों में रोष व्याप्त है। ऑनलाइन दर्ज किए गए उपस्थिति के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई माह में करीब एक लाख शिक्षकों को पूर्ण वेतन नहीं मिल सकेगा।



प्रदेश में करीब 1.80 लाख शिक्षक शासकीय विद्यालयों में सेवा दे रहे हैं। शिक्षक संघ का कहना है कि किसी भी शिक्षक का माह भर वीएसके ऐप में उपस्थिति असंभव है, क्योंकि यह ऐप तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण है। इसके कारण समय पर चेक-इन, चेक-आउट करना नामुमकिन है। लोकेशन, सर्वर, इंटरनेट, विद्यालय से दूरी सहित अन्य समस्याओं के कारण यह ऐप शिक्षकों की नियमित रूप से प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक उपस्थिति प्रदर्शित कर ही नहीं रहा है। दो पाली की शाला में भी यही दिक्कत है।शिक्षा विभाग द्वारा यह कहा जा रहा है कि 83% प्रतिशत शिक्षकों द्वारा वीएसके ऐप के जरिए ऑनलाइन हाजिरी लगाई जा रही है। हाजिरी लगाने वाले शिक्षकों की यह संख्या तो संभव है, लेकिन इन सभी शिक्षकों द्वारा जुलाई माह के पूरे दिन तय समय पर ऑनलाइन उपस्थिति मुश्किल है।

### बायोमेट्रिक मशीन की मांग

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की वेतन कटौती के विरोध करने का निर्णय लिया है। जहां भी वेतन कटौती होगी, वहां विकासखंड शिक्षा अधिकारी से जिला शिक्षा कार्यालय तक का घेराव किया जाएगा। इसके लिए 7 अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है। डीपीआई को लिखे खत में संघ ने यह मांग किया है कि ऐप से संबंधित वेतन निकालने के आदेश को शिथिल करें तथा प्राचार्य, प्रधान प्रधान पाठक के संधारित शाला की उपस्थिति पंजी से प्रमाणित कराकर वेतन आहरण का आदेश जारी करें। वेतन कटौती किए जाने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा, क्योंकि शिक्षकों ने समय पर अपनी शाला में उपस्थिति दी है, तकनीकी कारण से ऐप में वह संधारित नहीं हुआ है। संघ ने ऐप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन की मांग की है।*

### उपस्थिति पंजी के आधार पर मिले वेतन

शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है, शिक्षकों को वीएसके ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के लिए कहा गया था। इसके तहत शिक्षकों ने ऐप को डाउनलोड तो किया है, लेकिन जुलाई माह भर की निरंतर उपस्थिति अपूर्ण है। दूरस्थ क्षेत्रों में जहां इंटरनेट की समस्या है, वहां उपस्थिति के लिए सर्वोत्तम पद्धति पूर्व की ही है, जिसमें प्राचार्य, प्रधान पाठकों के पास शिक्षक उपस्थिति पंजी संधारित किया जाता है। संघ ने मांग करते हुए कहा, वीएसके ऐप की उपस्थिति को शालाओं में शिक्षक उपस्थिति पंजी से प्रमाणित कर जुलाई माह का वेतन दिया जाए। शिक्षकों को किसी भी प्रकार से अभी तक नोटिस व अल्टीमेटम तक नहीं दिया गया है। त्रुटिपूर्ण ऐप को पूर्ण रूप से सक्षम बनाएं बिना इस प्रकार का अव्यवहारिक आदेश अन्यायपूर्ण है।

# जमानत लेने कोर्ट में फर्जी दस्तावेज पेश तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित जिला कोर्ट में सुनवाई के दौरान कुछ प्रकरणों में फर्जी दस्तावेज पेश कर आरोपियों की जमानत लेने के प्रयास किए जाने के मामलों में पुलिस ने 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं बुजुर्ग हैं, जिनकी उम्र 72 वर्ष है। वहीं तीसरी महिला अधेड़ है, जिसकी उम्र 52 वर्ष है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फर्जी जमानतदार एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जमानत लेने वाली 3 महिला आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इन तीनों महिलाओं ने फर्जी ऋण पुस्तिका एवं कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग कर न्यायालय में स्वयं को जमानतदार के रूप में प्रस्तुत होकर न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया। इन दस्तावेजों की जांच की गई, ▶▶|शेष पेज 13 पर

# दिन में हल्की बारिश, देर रात झमाझम मुंबई से आई फ्लाइट भोपाल डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुबह से चल रहे धूप-छांव के खेल के बीच दोपहर होते ही शहर के कुछ हिस्सों में तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम का मिजाज माना एयरपोर्ट में इतना बदला कि मुंबई से आई फ्लाइट हवा में तीन चक्कर लगाने के बाद भोपाल डायवर्ट हो गई। मंगलवार को दोपहर से शुरू हुई बारिश बीच-बीच में थमती रही और अचानक ही तेज होती रही। इस तरह दिनभर मौसम की आंखमिचौली चलती रही।

- कभी तेज तो कभी धीमी गति से चलता रहा वर्षा का दौर



प्रदेश में मानसून की सक्रियता बनी हुई है और रायपुर तथा बिलासपुर संभाग के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। सोम-मंगलवार की दरमियानी रात भी राजधानी समेत आसपास के इलाकों में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दो दिन और असर

अभी एक गहरा अवदाब उत्तर तटीय उड़ीसा और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल से उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके अगले 24 घंटे में उत्तर उड़ीसा, दक्षिण झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, पिलानी, हमीरपुर, डाल्टनगंज, गहरा अवदाब का केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 29 जुलाई को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है।

## जिले में सूखे नशे के कारोबार पर पुलिस का विशेष अभियान जारी

# 3 दर्जन मेडिकल स्टोर्स की जांच, 4 दुकानों में मिली प्रतिबंधित नशीली दवाइयां, सील की गईं

*पुलिस और औषधि विभाग के कर्मचारियों ने ग्राहक बनकर खरीदी नशीली दवाइयां*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित जिले के कई इलाकों में जहां सूखा नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, वहीं कई मेडिकल स्टोर्स में भी बिना डाक्टर पर्ची के तथा प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेची जा रही हैं। पुलिस प्रशासन मेडिकल स्टोर्स में बिना डाक्टर पर्ची के तथा प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग के साथ मिलकर विशेष अभियान चला रहा है। इस क्रम में मंगलवार को लगभग 3 दर्जन मेडिकल स्टोर्स में जांच की गई। इस दौरान 4 मेडिकल स्टोर्स में पुलिस एवं औषधि विभाग के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सख्त कार्रवाई होगी

पुलिस आयुक्त ने मेडिकल स्टोर्स संचालकों से अपील के साथ चेतावनी भी दी है कि प्रतिबंधित एवं प्रिसक्रिप्शन आधारित दवाइयों का विक्रय केवल वैध डॉक्टर की पर्ची के आधार पर ही करें। नियमों का उल्लंघन कर बिना पर्ची के प्रतिबंधित दवाइयों का विक्रय करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### इन मेडिकल दुकानों को किया सील

डीडीनगर थाना क्षेत्र के गोल चौक स्थित मां दुर्गा मेडिकोज, गुढ़ियारी स्थित आयुष मेडिकल, खमतराई थाना क्षेत्र अंतर्गत भनपुरी स्थित विश्वास मेडिकल एवं खमतराई थानांतर्गत उरकुरा स्थित उदय मेडिकल स्टोर को सील किया गया।

### टेस्ट पर्चेसिंग कर दुकान संचालकों को पकड़ा

*आयुक्त के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, संबंधित थाना पुलिस की टीम, औषधि निरीक्षक एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने रायपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित लगभग 3 दर्जन मेडिकल स्टोर्स को संदेह के घेरे में लिया और टेस्ट पर्चेसिंग कराकर जांच की। इस जांच में 4 मेडिकल दुकानों के संचालकों को प्रावधानों के विपरीत बिना डाक्टर पर्ची के प्रतिबंधित दवाई प्रेगबलिन कैप्सूल एवं रेक्सकॉफ डीएक्स सिरप बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा।*

# औषधीय खेती का नया अध्याय, पहली बार किसानों को एडवांस में रकम, प्राइवेट सेक्टर से आया इन्वेस्टमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में औषधीय खेती के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने की शुरुआत हो रही है। राज्य में पहली बार औषधि की खेती के लिए प्राइवेट सेक्टर के निवेशक एडवांस में 54.36 लाख रुपए देने जा रहे हैं। यही नहीं, फसल तैयार होने के बाद उसकी खरीदी भी करेंगे। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अधिकारियों का दावा है, कृषि क्षेत्र में यह छत्तीसगढ़ ही नहीं, देश का पहला प्राइवेट इन्वेस्टमेंट है।

छत्तीसगढ़ में औषधीय खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की जा रही है, जिसमें किसानों को खेती शुरू करने से पहले ही निजी कंपनियों की ओर से अग्रिम राशि उपलब्ध कराई जाएगी। यही कंपनियां बाद में किसानों की पूरी उपज भी खरीदेंगी। राज्य सरकार के छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अनुसार देश में पहली बार खेती के क्षेत्र में इस तरह का निजी निवेश आधारित मॉडल लागू किया जा रहा है, जिसमें उत्पादन और विपणन दोनों की जिम्मेदारी अनुबंधित निजी संस्थाएं निभाएंगी।

## खेती की लागत के लिए नहीं लेना पड़ेगा कर्ज

बोर्ड के अनुसार अग्रिम प्रोत्साहन राशि का उपयोग किसान बोर खनन, पंप और पाइप खरीदने, फिटिंग, जुताई, रोपाई, निंदाई तथा अन्य कृषि कार्यों में कर सकेंगे। इससे उन्हें खेती के लिए कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अधिकारियों का मानना है कि यह व्यवस्था किसानों के आर्थिक जोखिम को कम करने के साथ औषधीय खेती को व्यावसायिक रूप से अधिक आकर्षक बनाएगी।



## ब्राह्मी, खस और वच जैसी फसलों पर जोर

बोर्ड वर्तमान में ब्राह्मी, वच, खस, लेमनग्रास और शतावर जैसी औषधीय एवं सुगंधित फसलों को बढ़ावा दे रहा है। नारायणपुर और धमतरी जिलों में इन फसलों की खेती क्लस्टर, व्यक्तिगत किसान और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कराई जा रही है। अबूझमाड़ में किसान ब्राह्मी, वच और खस की खेती करेंगे, जबकि धमतरी में भी ब्राह्मी, खस, वच, शतावर और लेमनग्रास की खेती का विस्तार किया गया है।

## कितने किसानों को मिलेगा लाभ

दस्तावेज के अनुसार नारायणपुर के किहकाड़ गांव में 12 किसान 13 एकड़ में तथा पांच अन्य गांवों के 13 किसान 18.5 एकड़ में औषधीय फसलों की खेती कर रहे हैं, जिन्हें अग्रिम प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। धमतरी में आमदी गांव के 18 किसान 40 एकड़ में लेमनग्रास उगा रहे हैं, जबकि नौ गांवों के 22 किसान ब्राह्मी, खस, शतावर और वच की खेती कर रहे हैं। इसके अलावा जिले के 25 गांवों में 45 स्व-सहायता समूह 115 एकड़ में औषधीय फसलों की खेती कर रहे हैं, जिन्हें भी अग्रिम राशि मिलेगी।

## खेती में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट पहली बार- राव

छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव का का दावा है कि कृषि क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ही नहीं देश में पहली बार प्राइवेट इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है। उपज की खरीदी भी संबंधित कंपनी द्वारा की जाएगी।

## वनमंत्री और बोर्ड अध्यक्ष आज बाटेंगे राशि

30 जुलाई को धमतरी जिले के दुगली गांव में आयोजित कार्यक्रम में नारायणपुर (अबूझमाड़) और धमतरी जिले के औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों तथा स्व-सहायता समूहों को 54.36 लाख रुपये की अग्रिम प्रोत्साहन राशि वनमंत्री केदार कश्यप और बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम किसानों को यह राशि बाटेंगे। यह राशि बोर्ड से अनुबंधित निजी संस्थाएं सीजी स्टीविया और इंस्टा हर्बल उपलब्ध करा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### हर घर तिरंगा अभियान रूपकुमारी को छत्तीसगढ़ और तीन राज्यों का प्रभार



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने हर घर तिरंगा–तिरंगा यात्रा 2026 अभियान के लिए पहले से गठित राष्ट्रीय समन्वयक टीम को राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों का प्रभार सौंप दिया है। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी देकर अभियान को देशभर में प्रभावी ढंग से संचालित करने की तैयारी की गई है। महासमुंद लोकसभा सांसद एवं भाजपा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी को राष्ट्रीय टीम में सदस्य के रूप में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार तथा पुडुचेरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव को बिहार, सिक्किम और नागालैंड का प्रभार दिया गया है। भाजपा का हर घर तिरंगा–तिरंगा यात्रा 2026 अभियान स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। पार्टी का मानना है कि अनुभवी नेतृत्व को क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपने से अभियान का संचालन अधिक प्रभावी और व्यवस्थित होगा।

### पूल पार्टी के वायरल पोस्टर नहीं, पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने आए : गांधी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा, रायपुर शहर में पिछले कई दिनों से पूल पार्टी से जुड़े पोस्टर और प्रचार सामग्री सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। पुलिस केवल वायरल पोस्टरों तक सीमित न रहे, बल्कि यह भी पता लगाए कि इन्हें किसने तैयार किया, किसने प्रचारित किया और इनके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, यदि होटल, रिसॉर्ट, फार्म हाउस अथवा अन्य स्थानों पर नियमों के विपरीत इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इससे जुड़े सभी लोगों की जिम्मेदारी तय कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### मुख्यमंत्री के धार्मिक अनुष्ठान पर कांग्रेस की टिप्पणी सनातन आस्था का अपमान : चिमनानी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कवर्धा स्थित विश्वप्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान पर कांग्रेस द्वारा की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए इसे सनातन आस्था और करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया मंच से मुख्यमंत्री के धार्मिक अनुष्ठान को लेकर जिस प्रकार के प्रश्न खड़े किए गए हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या किसी व्यक्ति का भगवान शिव की आराधना करना भी अब उसके लिए राजनीतिक विषय बन गया है। धार्मिक अनुष्ठानों का उपहास उड़ाना कांग्रेस की हताशा और सनातन विरोधी सोच का परिचायक है। श्री चिमनानी ने कहा, कांग्रेस के नेताओं को चर्च जाने, टोपी पहनकर किसी भी धार्मिक आयोजन में शामिल होने या अन्य धर्मों के धार्मिक कार्यक्रमों में जाने पर कभी कोई आपत्ति नहीं होती।

### चार परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**रायपुर।** जशपुर जिले में प्राकृतिक आपदाओं से हुई जनहानि के चार मामलों में प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए जिला प्रशासन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) खंड-6 क्रमांक-4 के तहत कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। शासन के नियमानुसार प्रत्येक पात्र परिवार को 4 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता प्रदान की जाएगी। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू के अनुसार, कुनकुरी तहसील के ग्राम तुरी बस्ती निवासी संदीप राम की डेम में डूबने से हुई मृत्यु के मामले में उनकी पुत्री स्नेहा को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर ने आईआईएम रायपुर में की समीक्षा

# मानवाधिकार और लैंगिक संवेदनशीलता को संस्थागत संस्कृति का हिस्सा बनाएं : प्रो. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मानवाधिकार संरक्षण, लैंगिक समानता और समावेशी शैक्षणिक प्रशासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के विशेष मॉनिटर प्रो. कन्हैया त्रिपाठी ने भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर का दौरा कर संस्थान में संचालित मानवाधिकार जागरूकता, लैंगिक संवेदनशीलता और संस्थागत सर्वोत्तम प्रथाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इन विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक में भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. संजीव प्रशर, छात्र कार्य अध्यक्ष प्रो. एम. रामकुमार, साक्षम (यौन उत्पीड़न, समानता, न्याय एवं सामाजिक उत्तरदायित्व समिति) की अध्यक्ष प्रो. आशापूर्णा बरुआ, छात्रावास वार्डन, छात्र कार्य एवं साक्षम समिति के अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और अधिष्ठाता (शैक्षणिक) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं

प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से उत्तरदायी, संवेदनशील और मानवीय मूल्यों से युक्त नागरिकों के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर द्वारा समावेशी और लैंगिक रूप से संवेदनशील परिसर संस्कृति विकसित करने तथा मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समानता पर आधारित संस्थागत व्यवस्था और जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। बैठक में छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के बीच मानवाधिकार, कार्यस्थल की गरिमा, लैंगिक समानता और संवेदनशीलता से संबंधित जागरूकता गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा हुई। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम (प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट) संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित अभिमुखीकरण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही संस्थागत समावेशन तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा जागरूकता अभियानों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

### सर्वोत्तम प्रथाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. संजीव प्रशर ने कहा कि संस्थान में प्रबंधन शिक्षा को समावेशन, गरिमा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान अपनी आंतरिक साक्षम समिति और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से मानवाधिकार जागरूकता, लैंगिक संवेदनशीलता और संस्थागत सर्वोत्तम प्रथाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. कन्हैया त्रिपाठी ने संस्थागत प्रशासन में मानवाधिकार दृष्टिकोण को प्रभावी रूप से शामिल करने तथा जनजागरूकता अभियानों, आउटरीच कार्यक्रमों और संबंधित समितियों के साथ समन्वित पहलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी अपने विचार साझा किए। बैठक में संस्थान की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों के दस्तावेजीकरण और मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. प्रशर ने प्रो. त्रिपाठी का सम्मान किया। बैठक में भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर ने सम्मानजनक, समावेशी और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित शैक्षणिक वातावरण विकसित करने तथा मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# गुरु पूर्णिमा पर सभी मंदिरों में होगा समरसता दीप महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया, संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर देश के साथ प्रदेश में कई कार्यक्रम होंगे। अभियान 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी (माघ पूर्णिमा) तक पूरे देश, प्रदेश, जिला, मंडल एवं ग्राम स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा।

श्री वर्मा ने बताया, अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर होगा। इस दिन संध्या के समय देशभर के सभी मंदिरों में गुरु रविदास महाराज समरसता दीप महोत्सव के अंतर्गत 51 हजार स्थानों पर अधिक-से-अधिक संख्या में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसी क्रम में 11 हजार दीप संत रविदास घाट वाराणसी में प्रज्ज्वलित किए जाएंगे । दीप महोत्सव से पूर्व भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा धार्मिक प्रवचनों का आयोजन होगा और उसके उपरांत प्रसाद वितरण अथवा भण्डारे की समुचित व्यवस्था की जाएगी। दीप महोत्सव में मंदिर के आसपास के सभी समाज के वर्गों के लोगों तथा पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अधिक-से-अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 29 जुलाई को वाराणसी स्थित संत गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सभी प्रदेशों की टोलियों को पवित्र मिट्टी से भरे सुसज्जित 131 पवित्र कलश प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। श्री वर्मा ने बताया, अभियान का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा होगा, जो 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। श्री वर्मा ने बताया, 26 नवंबर से 15 जनवरी 2027 तक श्री गुरु रविदास महाराज छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने बताया, अभियान के प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश टोली, जिला टोली, मंडल टोली तथा आयोजन टोलियों का गठन किया गया है।

# 15वें वित्त के तहत स्वीकृत कार्यों में गड़बड़ी, नायकबांधा पंचायत की सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नायकबांधा में 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत किए गए कार्यों के निर्माण में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत पर प्रशासन ने जनपद पंचायत अभनपुर की तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव विजयलक्ष्मी तारक को निलंबित कर दिया है।

इस गड़बड़ी की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर की गई थी। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इस मामले में जिला कलेक्टर को तत्काल जांच कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश पर कलेक्टर ने मामले में तत्काल एक्शन लिया और ग्राम पंचायत सचिव को प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबित किया।

### 4 कार्यों में मिली गड़बड़ी

प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 में कुछ लोगों ने शिकायत कर जानकारी दी थी कि ग्राम पंचायत नायकबांधा में 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत सीसी रोड एवं नाली निर्माण के 4 कार्यों में गड़बड़ी की गई है। इन शिकायतों के आधार पर जिला प्रशासन को इस मामले में तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद ग्राम पंचायत नायकबांधा में जिन 4 स्वीकृत कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत मिली है, जिसकी जांच कराई गई। प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई है।इस जांच प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 के तहत विजयलक्ष्मी तारक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत अभनपुर रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत बनाने पर दें जोर : मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई गति देने और बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। नवा रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में आयोजित इस बैठक में छत्तीसगढ़ अपैक्स बैंक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के अध्यक्ष व वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश के किसानों को बेहतर, पारदर्शी और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री श्री कश्यप ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पूरी पारदर्शिता और समय पर पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए। सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सहकारी संस्थाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाने के संबंध में विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य स्तंभ है सहकारिता

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। सहकारिता व्यवस्था ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए इसे मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी बैंकों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं अधिकारियों से आपस में बेहतर समन्वय बनाकर काम करने का आह्वान किया, ताकि प्रदेश का सहकारिता क्षेत्र अधिक सशक्त और जनहितैषी बन सके।

# भूपेश का आरोप- केन्द्र और राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ भाजपा सरकार में वेस्ट इंडिया कंपनी बिजली में लूट मचाए हुए है

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, खाद की किल्लत और युवाओं पर कार्रवाई जैसे कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

उन्होंने कहा, प्रदेश में खंड वर्षा के कारण खेती बुरी तरह प्रभावित हुई है, लेकिन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के पास कोई ठोस योजना नहीं है। श्री बघेल ने कहा, पूरे प्रदेश में खाद की बेहद कमी है, कल मैं गरियाबंद गया था, वहां भी किसान यही शिकायत कर रहे थे कि डीएपी नहीं मिल रहा, यूरिया नहीं मिल रहा। कवर्धा में अधिकारी जांच करने गया, वहां उसकी पिटाई हो गई। दोगुने तिगुने दाम पर खाद की कालाबाजारी हो रही है।

### भाजपा ने विपक्ष के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया बच्चे वही सीख रहे

उन्होंने कहा, जंतर मंतर देशभर के युवा प्रदर्शनकारियों का केंद्र था, सरकार को झुकने पड़ा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा, उसी समय बीजेपी का पोस्ट आया शेर दो कदम पीछे कब हटता हैं, उसकी असलियत अब सामने आने लगी है। बिहार और बंगाल में सैकड़ों बच्चे जेलों में डाले गए। देश में नया दौर आ रहा सरकार के टारगेट में जेन-जी हैं। सरकार में बैठे लोगों ने जो सिखाया, वही सामने आ रहा 12 सालों में जिस भाषा का प्रयोग भाजपा के नेता मंत्रियों ने किया, बच्चे उसी भाषा का प्रयोग कर रहे।

### अडानी का स्मार्ट मीटर और अंबानी का चिप लगाकर संगठित लूट

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अंग्रेजी हुकूमत में ईस्ट इंडिया कंपनी थी अब भाजपा सरकार में वेस्ट इंडिया कंपनी बिजली में लुट मचाए हुए है, साय की योजना अडानी का स्मार्ट मीटर और उसमें अंबानी का चिप लगाकर संगठित लूट मचाए हुए हैं। गर्मी से ज्यादा बिल बरसात में आ रहे हैं, बिजली बिल की अधिक वसूली से हर वर्ग प्रभावित है। कवर्धा जिले के पांडातराई में आम जनता घरों, दुकानों और खेतों में जबरिया लगाए गए स्मार्ट मीटर को उखाड़कर फेंक रहे प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली उपभोक्ताओं से अत्याचार के बाद अब मीटर रीडरों को भी निकलने की तैयारी है, वे भी आंदोलित हैं। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता परेशान हैं और मीटर रीडरों की नौकरियां भी खत्म हो गई हैं।

# भारतीय सेना में जल्द स्थापित हो सकती है बस्तर रेजिमेंट, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ का आया जवाब

## डिप्टी सीएम ने रक्षा मंत्री को लिखा था पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय सेना में जल्द ही बस्तर रेजिमेंट स्थापित हो सकती है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस संबंध में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा था, जिसका जवाब आ गया है। उन्होंने लिखा कि विजय शर्मा का पत्र प्राप्त हुआ, जो भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट की स्थापना किए जाने के संबंध में है। उपर्युक्त मामले की जांच करवाई जा रही है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने 26 जून को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा था कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बहुल बस्तर संभाग के जवान विगत वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दे चुके हैं। ये दुर्गम क्षेत्रों की विषम परिस्थितियों में भी गुरिल्ला युद्ध में अभ्यस्त हैं। भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट का गठन राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और सामाजिक स्थिरता में योगदान देने वाली एक रणनीतिक पहल होगी। यह बस्तर के युवाओं को राष्ट्र की सेवा करने के लिए एक सुनियोजित मार्ग प्रदान करेगी। साथ ही क्षेत्र में गौरव, अनुशासन और आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देगी। अतः भारतीय सेना में 'बस्तर रेजिमेंट की स्थापना किये जाने का सादर अनुरोध है।

### सीएम साय ने दी प्रतिक्रिया

इधर सीएम विष्णुदेव साय ने इस पर कहा, मांग की थी मंत्री का जवाब भी आ गया। अच्छा रहेगा, स्थानीय लोगों को नौकरी मिलेगी।

## महिलाओं को सम्मान नहीं बिजली बिल का बोझ दे रही सरकार : विकास

# कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर को 'महतारी वंदन वसूली योजना' का दिया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर को बदलने कांग्रेस का अभियान जारी है। कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर को 'महतारी वंदन वसूली योजना' का नाम दिया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, अगर 1000-1500 आने वाला बिजली बिल 5 से 7 गुना बढ़कर आ रहा है, तो पूरे परिवार का बजट बिगड़ जाता है।

उन्होंने कहा, महतारी वंदन योजना के नाम पर महिला बहनों को 1000 रुपये देकर उसकी वसूली बिजली बिल के माध्यम से कई गुना बीजेपी सरकार कर रही है। आज कांग्रेसी एवं आमजनों ने मिलकर 'महतारी वंदन योजना के नाम से स्मार्ट मीटर' का नामकरण किया और यह निरंतर जारी रहेगा। कांग्रेस पार्टी द्वारा स्मार्ट मीटर को बदलने के लिए आवाज उठाई जा रही है। लोगों से स्मार्ट मीटर निकालने के लिये फॉर्म भी भरवाये जा रहे हैं।

### प्रदेश की जनता को दोहरी मार दे रही भाजपा

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली होने के बाद भी जनता को महंगी बिजली बिल का झटका दिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर सीधे जनता को लूटा जा रहा है और अडानी को लाभ पहुंचाते हुए बीजेपी अपना कमिशन निकाल रही है। उन्होंने कहा, बिजली बिल को महंगी करके जनता से जो पैसे वसूलने का काम बीजेपी सरकार कर रही है।

## खबर संक्षेप

### शंकराचार्य आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम

रायपुर। गुरु पूर्णिमा पर्व पर बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम में भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का भव्य पूजन एवं गुरु मंडल पूजन के साथ गुरु पादुका पूजन मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सुबह 6 बजे मंगल आरती, 8.30 बजे सिद्धेश्वर महादेव का अभिषेक, 10 बजे से भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का पूजन श्रंगार आरती, 1.45 से गुरु मंडल व्यास पूजन एवं यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज का चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान संकल्प, 11.15 से श्री चक्र अर्चन विविध द्रव्यों से एवं 12 बजे गुरु पादुका पूजन किया जाएगा।

### विशाल माला पूजन और पूर्णिमा दर्शन कार्यक्रम आज

रायपुर। योग वेदांत सेवा समिति द्वारा 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर "विशाल माला पूजन" एवं "पूर्णिमा दर्शन कार्यक्रम" का आयोजन सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह कार्यक्रम रायपुर आश्रम में होगा। आश्रम परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, जहां पुष्पों की सुगंध और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से वातावरण को आध्यात्मिक बनाया जाएगा।

## निधन

### सुरेश दासवानी



रायपुर। गुरुद्वारा के पास महावीर नगर निवासी सुरेश दासवानी का 28 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 जुलाई को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विकास, रॉकी, मुकेश, विनय, अजय दासवानी के भाई एवं चिराग दासवानी के पिता थे।

### बबीता व्यास



रायपुर। जूना बिलासपुर निवासी बबीता व्यास (56) का 28 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन श्मशानघाट में किया गया। वे पत्रकार अशोक व्यास की पत्नी थीं।

### सौरभ मिश्रा



रायपुर। मुंगेली के ग्राम लिम्हा निवासी सौरभ मिश्रा (51) का 27 जुलाई को मुंबई में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके गृहग्राम मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. सुधीर मिश्रा के पुत्र व जस्टिस धीरेंद्र मिश्रा और आदित्य मिश्रा के भतीजे थे।

# सूरजपुर के कुदरगढ़ वनपरिक्षेत्र में बाघ का शिकार! खाल मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर वन मंडल के कुदरगढ़ परिक्षेत्र अंतर्गत भंवरखोह बीट में बाघ का शिकार किए जाने की सूचना मिली है। बाघ की खाल इस क्षेत्र में पाई गई है। इधर 29 जुलाई को विश्वभर में वर्ल्ड टाइगर डे मनाया जाएगा, वहीं दूसरी ओर वर्ल्ड टाइगर डे के एक दिन पहले प्रदेश में बाघ के शिकार की घटना से वन विभाग के अफसरों में न केवल हड़कंप मचा है, बल्कि राज्य में बिग कैट प्रजाति के संरक्षण संवर्धन पर सवालिया निशान भी लग रहा है। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों ने खाल बाघ की है, इसकी अधिकृत रूप से पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि सूचना मिलने पर टीम को भेजा गया है। टीम के लौटने पर ही वे बता पाएंगे कि खाल बाघ की है या फिर किसी अन्य जानवर की है।

## वर्ल्ड टाइगर डे के एक दिन पहले बाघ के शिकार से वन विभाग के अधिकारियों में मचा हड़कंप

### बस्तर में लगातार सामने आ रही बाघों के शिकार की घटनाएं

बस्तर में जरूर लाल आतंक खत्म हो चुका है, लेकिन नक्सलियों के बाद अब यहां जानवरों का शिकार एवं उनकी खाल की तस्करी करने वाले सक्रिय हो गए है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पांच माह पूर्व तथा चालू माह में दो बाघों के शिकार की घटनाएं सामने आ चुकी है। जुलाई के प्रथम पखवाड़ा में कांकेर जिले के भानुप्रतापुर अंतर्गत बांदे परिक्षेत्र में छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर गोपनीय सूचना के आधार पर बाघ की दो खाल के साथ दोपहिया सवार दो युवकों को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया था कि वे 4 बाघों का शिकार कर चुके हैं।



**महाराष्ट्र से लेकर ओडिशा तक कॉरिडोर** : महाराष्ट्र के तडोबा-अंधेरी टाइगर रिजर्व के बाघों का छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व से लेकर ओडिशा के सुनाबेड़ा तक पांच सौ किलोमीटर का एक बड़ा गलियारा है। तोडोबा-अंधेरी के टाइगर अबूझमाड़ इंद्रावती टाइगर रिजर्व के रास्ते होते हुए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पार कर ओड़िशा के सोनाबेड़ा टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं।

**पुष्टि करने स्टाफ को भेजा है**

टाइगर खाल मिलने की सूचना मिली है। इसकी पुष्टि करने स्टाफ भेजा गया है।

*- एस. वेंकटचलम, डायरेक्टर गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व*

सूरजपुर जिले वनमंडल के अधिकारियों में आज उस समय हड़कंप मच गया, जब उन्हें सूचना मिली कि कुदरगढ़ परिक्षेत्र अंतर्गत भंवरखोह बीट में बाघ की खाल मिली है। इस सूचना पर विभाग ने टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना कर दिया है। बताया जा रहा है कि जो सूचना आई है, उसके अनुसार खाल बाघ की है। हालांकि अधिकृत रूप से पुष्टि टीम के लौटने पर ही होने की बात अधिकारी कह रहे हैं। जांच में अगर खाल बाघ की होना पाया जाता है, तो यह विभाग के लिए काफी शर्मनाक होगी, क्योंकि बुधवार को वर्ल्ड टाइगर डे है। इस दिन को पूरे विश्व में बाघों के संरक्षण के प्रति जागृति पैदा करने, प्राकृतिक आवास बचाने और अवैध शिकार रोकने के लिए मनाया जाता है। ऐसे में राज्य में वर्ल्ड टाइगर डे के दिन पहले बाघ का शिकार की घटना ने इस क्षेत्र में बाघ सहित अन्य जानवरों के संरक्षण व सुरक्षा पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

# शहर में गौरव पथ-2 जल्द, 2300 मीटर मार्ग में 24 मीटर चौड़ा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## बस स्टॉप कियोस्क की सुविधा

**खास बातें**

- वार्ड पार्षदों को गौरव पथ-2 योजना की स्पॉट पर दी गई जानकारी
- महापौर मीनल चौबे की पहल पर निगम तैयारी में जुटा



महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को बिजली आफिस चौक बूढ़ापारा से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा होते हुए पचपेड़ी नाका तक प्रस्तावित गौरवपथ-2 की ड्राइंग-डिजाइन सहित प्रस्तावों की जानकारी वार्ड पार्षदों को दी। इस योजना के क्रियान्वयन से बूढ़ापारा से 5 वार्ड की जनता सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। इनमें स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड, मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड, जोन 6 के शहीद पंकज विक्रम वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड और शहीद राजीव पांडे के रहवासियों को सुगम आवागमन के लिए गौरवपथ 2 की सौगात मिलेगी।

बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक होकर पचपेड़ी नाका तक 24 मीटर चौड़े मार्ग में 2300 लंबे मार्ग पर जल्द सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। मार्ग के दोनो ओर पाथवे हरियाली, बस स्टाप कियोस्क नवा रायपुर की तर्ज पर मार्ग में टेबल टॉप डेव्हलपमेंट बैठने की सुविधा रहेगी।

महापौर मीनल चौबे ने जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, प्रमोद कुमार साहू, एल्डरमेन मनीष करडमुजे को गौरवपथ 2 योजना में प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास, सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल, उपअभियंता अर्जिता दीवान की उपस्थिति में पार्षदों को प्रस्तावित योजना से अवगत कराया गया।

गौरवपथ 2 सौंदर्यीकरण योजना के क्रियान्वयन के लिए 15 करोड रुपए खर्च होंगे। नगर निगम मुख्यालय योजना विभाग के माध्यम से यह कार्य किया जायेगा। इसके लिए राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की स्वीकृति के बाद निविदा कर कार्य आदेश जारी कर दिया गया है।

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम के माध्यम से शहर में गौरवपथ-2 सौंदर्यीकरण की प्रस्तावित योजना का शीघ्र कियान्वयन प्रारंभ कर नगर वासियों को सौगात दी जायेगी। इससे रायपुर शहर के सुव्यवस्थित विकास की राह आसान होगी।

## बिजनेस साइट

### श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनुज जाऊलकर का सफल उपचार



रायपुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनुज जाऊलकर का श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल में सफल उपचार किया गया। 22 जुलाई को दुर्घटना के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके बाएं कूल्हे के जोड़ में गंभीर फ्रैक्चर एवं डिसलोकेशन पाया गया। मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. सुशील शर्मा के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने तत्काल उपचार और सफल सर्जरी की। वर्तमान में डॉ. जाऊलकर की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है तथा वे स्वयं खड़े होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। डॉ. जाऊलकर का हालचाल जानने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लेकर विशेषज्ञ मेडिकल टीम के प्रयासों की सराहना की और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं विधायक अनुज शर्मा भी मौजूद रहे। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों और समन्वित चिकित्सा व्यवस्था के माध्यम से प्रत्येक मरीज को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी में सीपीएस का शानदार प्रदर्शन, जीते दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक




रायपुर। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल (सीपीएस) ने सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-19 बालक एवं बालिका टीमों ने स्वर्ण पदक जीतकर सीबीएसई राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया, जबकि अंडर-14 बालक टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। विभिन्न राज्यों की टीमों के बीच हुए मुकाबलों में सीपीएस के खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीकी दक्षता, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दोनों अंडर-19 वर्गों का राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए चयन विद्यालय, रायपुर और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की उपलब्धि माना जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल विभाग को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलों को भी समान प्राथमिकता देने का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

## पेज 11 के शेष ...

### पीएम आवास के ...

इस योजना के तहत इन 45 परिवारों को मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर शासकीय जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वतंत्र मकान बनवाकर उन्हें शिफ्ट किया जाना था। योजना के तहत वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के पूर्व तक 25 स्वतंत्र मकानों का निर्माण भी पूर्ण हो चुका था, वहीं शेष 20 मकानों का निर्माण कार्य प्रगति पर थे, लेकिन चुनाव होने के बाद इन मकानों का निर्माण कार्य रुका हुआ है। इधर अधूरे पड़े मकानों के निर्माण कार्य न ही पूर्ण किए जा रहे हैं और न ही पूर्ण हो चुके मकानों में परिवारों को विस्थापित किया गया है। इस तरह सभी मकान खाली पड़े-पड़े अब जर्जर हो चुके हैं।

### आंबेडकर अस्पताल ...

ले लिया और बड़े रूप में आ गई। आगजनी के दौरान वार्ड में डाक्टर और अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ मौजूद थे, जिन्होंने बिना समय गंवाए गंभीर स्थिति वाले मरीजों को स्ट्रेचर और व्हील चेयर में डालकर बाहर निकाला। इस आगजनी की जानकारी दमकल कार्यालय और अस्पताल प्रबंधन को दी गई। राहत कार्य शुरू होने से पहले मौजूद ड्यूटी डाक्टरों ने ऑक्सीजन पाइप का स्विच अलग किया और खाली वेंटिलेटर को बाहर निकाला। भूतल पर मौजूद इमरजेंसी यूनिट में धुआं भरता देख सभी लोगों को बाहर किया गया और फायर ब्रिगेड की टीम ने खासी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### जमानत लेने कोर्ट ...

तो पता चला कि ये सारे फर्जी हैं। इस संबंध में महिलाओं ने स्वीकार भी किया है कि आरोपियों की जमानत लेने के लिए फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार करायी है। ***ये महिलाएं पकड़ी गईं :*** सुनीता देवी राजपूत 70 वर्ष निवासी ग्राम टेका हल्दी थाना तिल्दा जिला रायगढ़, सरस्वती बाई सोनी 72 वर्ष निवासी उरला काली मंदिर के पास डीडी कॉलोनी थाना मोहन नगर जिला दुर्ग एवं मीना बाई कोरम 52 वर्ष निवासी ग्राम भेजराटोला थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने तीनों महिलाओं के विरुद्ध धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 238 एवं 3(5) बीएनएस के तहतअपराध पंजीबद्ध किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी कोर्ट में कई बार विविध प्रकरण में फर्जी ऋण पुस्तिका पेश कर आरोपियों की जमानत कराने के प्रयास की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई भी हुई है।

### दिन में हल्की बारिश...

होती रही। मंगलवार को सुबह बादल तो कभी धूप जैसी स्थिति बनती रही। दोपहर होने के बाद मौसम में बदलाव हुआ और काले बादल घिर आए, जो जमकर बरसने लगे। शहर में कुछ देर के लिए बारिश इतनी तेज थी कि इसका लंबा दौर चलने का अनुमान था, मगर कुछ देर में मौसम फिर बदल गया और आसमान छंटने के साथ धूप निकल आई। दूसरी ओर दोपहर में मौसम के बदलाव से माना में ज्यादा बारिश तो नहीं हुई, मगर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मुंबई से आई फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी। अपने निर्धारित समय यानी दोपहर 2 बजे एयरपोर्ट के ऊपर तीन चक्कर लगाने के बाद उतरने की अनुमति नहीं मिलने पर एयरक्राॅफ्ट को भोपाल ले जाकर उतारा गया। मौसम साफ होने के बाद करीब साढ़े चार बजे उसे रायपुर लाकर सवा पांच बजे वापस मुंबई रवाना किया गया।

### 3 दर्जन मेडिकल ...

कर्मचारियों ने ग्राहक बनकर बिना डाक्टर पर्ची के नशीली दवाइयों की खरीदी भी की, जिसके बाद इन चारों मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया है। शहर में बढ़ते सूखे नशे (ड्राई ड्रग्स) पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रायपुर पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली थी कि कई मेडिकल स्टोर्स में भी डॉक्टर की वैध पर्ची के बिना प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयों का विक्रय किया जा रहा है। इन नशीली दवाइयों का दुरुपयोग नाबालिक लड़के एवं युवा नशे के रूप में कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त डा. संजीव शुक्ला ने मेडिकल स्टोर्स को चिन्हित कर जांच करने तथा प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचने वाले संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


**नाम के संबंध में**

आवेदक विनय मुंजर पिता- स्व. श्री धनश्याम दास मुंजर, निवासी- डेफोडील फ्लैट नं.-403, मारूति रेसीडेंसी अमलीडीह, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का रहने वाला हूँ जो कि विनय मुंजर के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड पर उनका नाम विनय मुंजर दर्ज है एवं ड्राईविंग लायसेंस पर उनका नाम विनय कुमार मुंजर नाम दर्ज है तथा उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है तथा दोनों नाम से जाने व पहचाने जाते है तथा विनय मुंजर अपना पासपोर्ट विनय मुंजर के नाम से जारी करवाना चाहते है, जिसके लिए मैं अपना पासपोर्ट जारी करवाने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :-28/07/2026
भवदीय
पंकज सिंह (अधिवक्ता)
कार्या.– सत्यम विहार कॉलोनी गली, नं.-05, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. - 98271-04809

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण 1. राजेन्द्र बाबू वर्मा पिता खेमलाल वर्मा पता- ग्राम गोडगिरी जिला बेमेतरा छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि, जो कि वाके मौजा- गोडगिरी, प.ह.नं. 00036 रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. क्रमशः 8/2, 8/3, 9, 10, 11, 13/3, 215/1 रकबा क्रमशः 0.0600 हे.. 0.0600 हे.. 0.3500 हे., 0.2100 हे. 0.4600 हे. 0.1300 हे., 0.0400 हे. कुल खसरा नं. 07 कुल रकबा 1.3100 हे. उसी प्रकार विक्रेता क्रमांक 02 प्रवीण बाबू पिता खेमलाल वर्मा पता- ग्राम गोडगिरी जिला बेमेतरा छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- गोडगिरी, प.ह.नं. 00036 रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. क्रमशः 7/4, 7/5, 13/5, 13/6, 212, 215/2 रकबा क्रमशः 0.3100 हे., 0.3000 हे., 0.4200 हे., 0.2900 हे. 0.0200 हे., 0.0200 हे. कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 1.3600 हे. अर्थात विक्रेतागण के संयुक्त भूमि का कुल रकबा 2.6700 हे. भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर टोकन राशि अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। तथा उपरोक्त वर्णित व उल्लेखित भूमि से खसरा नं. 104 राजस्व नक्शे में लगी हुई है, जो कि वर्तमान में राजस्व अभिलेख में काबिल कास्त के रूप में दर्ज है, जिस पर लभभग 50 वर्षो से उपरोक्त भूमि पर आवागमन हेतु रास्ता निर्मित है, जिसकी सहमति उक्त भूमि धारी के द्वारा विक्रेतागण को प्रदान की गई है। जो कि वर्तमान में शाश्वत है।
अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, नगर-निगम, वित्तीय संस्था, दोस्त, रिश्तेदार को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के आठ दिवस (08 दिवस) के भीतर हमारे नीचे लिखे कार्यालय के पते पर मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि गुजरने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारशुदा सम्पत्ति का पंजीयन एवं नामांतरण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जाने।
स्थान :- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 28/07/2026
हितेन्द्र कश्यप (अधिवक्ता)
पता- राम जानकी सामुदायिक भवन के पास, जानकी चौक, कुशालपुर रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) मो : 9329880813

**आम सूचना**

वाके मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं.- रायपुर–14–बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 456/21 रकबा 0.056 हेक्टेयर अर्थात 6000 वर्गफुट भूमि के संबंध में।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रूबीना अंजूम पति मोहम्मद सलीम, निवासी- अर्जुन एन्क्लेव, भैरव नगर, रायपुर के द्वारा विक्रेता श्रीमती स्तुति कंधवे पति श्री प्रशांत कुमार सिंह, निवासी-गायत्री नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं.- रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 456/21 रकबा 0.056 हेक्टेयर अर्थात 6000 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया है शेष राशि पंजीयन के समय अदा किया जावेगा।
अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।
सो सूचना जानें।
रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 29.07.2026
चन्द्रीका पटेल (अधिवक्ता)
पता – शिव नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.)
Mob. : 8639776978, 74165-86100

**तहसीलदार, मंदिर हसौद मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भः- जिला- रायपुर, तहसील-मंदिर हसौद, प.ह.नं.-00012 मुनरेठी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांकः- MD202526440203700010

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम मुनरेठी के वर्तमान भूमिस्वामी मोहन पिता/पति–फेरूराम पता–सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 792(0.2300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नेहा पाठक पिता/पति-बलराम पाठक पता-मोहरा हिर्मी बलौदा बाजार, सुनीता बाई पिता/पति-धन्नू लाल पता-गिरहोला दुर्ग, ईश्वर प्रसाद दांडेकर पिता/पति-मोहन लाल दांडेकर पता-सा देह, कमलेश्वरी तुरकाने पिता/पति-हेमंत कुमार तुरकाने पता-सतनामी पारा सोंद्रा रायपुर, चमेली बाई दांडेकर पिता/पति-मोहन लाल दांडेकर पता-ग्राम कुरूद रायपुर, मधु मिर्झा पिता/पति-केशव मिर्झा पता-भाठागांव रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान- न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद पर की जावेगी।उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/05/2026 को जारी किया जाता है।
मुहर
तहसीलदारः
Vinod kumar sahu
मंदिर हसौद



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स संतोषी नगर, रायपुर
9200003357, 7999898750
मोटर वाइंडिंग, वाटर पंप, रिपेयरिंग कार्य किया जाता है।

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

# एचटी उद्योगों में भी स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी, उद्योग बोले- जरूरत ही नहीं, लेंगे न्यायिक सलाह

## नियामक आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह ने कहा- योजना में प्रावधान ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेशभर में हाहाकार मचा हुआ है। इस बीच अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने एचटी उद्योगों में भी स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी की है। इसे लेकर जहां एक तरफ बिजली नियामक आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में एचटी उद्योग में स्मार्ट मीटर लगाने का प्रावधान ही नहीं है। इन उद्योगों में पहले से ही एएमआर मीटर लगे हैं, जिनसे आनलाइन रीडिंग होने के साथ हर 15 मिनट में खपत भी देखने की सुविधा है। दूसरी तरफ मिनी स्टील प्लांट के महासचिव मनीष धुप्पड़ का कहना है कि उद्योगों में स्मार्ट मीटर की जरूरत ही नहीं है, पहले से ही लगे एएमआर मीटर ज्यादा बेहतर हैं। पॉवर कंपनी अगर जबरिया स्मार्ट मीटर थोपने का काम करेगी, तो न्यायिक सलाह लेकर फैसला किया जाएगा। केंद्र सरकार की प्रीपैड योजना के तहत ही प्रदेश भर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। इस योजना में पहले ही कृषि पंपों के साथ एचटी उद्योगों को अलग रखा गया है। एचटी उद्योगों को इसलिए अलग रखा गया है, क्योंकि स्मार्ट मीटर में एचटी उद्योग की बिजली कट करने की सुविधा ही नहीं है। स्मार्ट मीटर सिर्फ एलटी कनेक्शनों की ही बिजली कट कर सकते हैं।

### थोपेंगे तो न्यायिक सलाह लेंगे : मनीष धुप्पड़

मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के महासचिव मनीष धुप्पड़ का कहना है कि प्रदेश के सभी एचटी उद्योगों में पहले ही उच्च क्वालिटी के एएमआर मीटर लगे हैं। इसके बाद स्मार्ट मीटर लगाने की जरूरत नहीं है। अगर पॉवर कंपनी जबरिया उद्योगों पर स्मार्ट मीटर थोपने का काम करेगी तो सभी एसोसिएशन मिलकर न्यायिक सलाह लेकर फैसला करेंगे। जिस मंच पर भी अपनी बात रखनी होगी, वहां बात रखी जाएगी।



### योजना में प्रावधान ही नहीं : पीएन सिंह

बिजली नियामक आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार की योजना से पहले ही एचटी उद्योगों को बाहर रखा गया है। प्रदेश के सभी एचटी कनेक्शन वाले उद्योगों में 10 साल पहले से ही एएमआर मीटर लगाए गए हैं। इन मीटरों की पॉवर कंपनी के मुख्यालय से सीधी रीडिंग होती है। इन पर नजर रखने के लिए अलग से टीम भी है। इन मीटरों के लगने के बाद उद्योगों में बिजली चोरी भी बंद हो गई है। केंद्र सरकार की योजना में इस बात का भी साफ उल्लेख है कि ऐसे उद्योगों के लिए बाजार में स्मार्ट मीटर ही उपलब्ध नहीं है, इसलिए इन उद्योगों में स्मार्ट मीटर लगाना संभव नहीं है। इसके बाद भी पॉवर कंपनी ने बिना टेंडर के ही इन उद्योगों में स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों को दे दिया है।

### लगाने की तैयारी चल रही

योजना में पहले जरूर एचटी उद्योगों को अलग रखा गया था, लेकिन अब इन उद्योगों को भी योजना में शामिल करके स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी है ताकि हर कनेक्शन की पूरी जानकारी कंट्रोल रूम में बैठकर देखी जा सके।

- **भीम सिंह कंवर**, एमडी, वितरण कंपनी

## खबर संक्षेप

### देह-नेत्रदान की घोषणा करने वाले 101 दानदाता सम्मानित



**रायपुर।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से देहदान और नेत्रदान घोषणा शिविर का आयोजन किया गया। देहदान व नेत्रदान के लिए कुल 101 दानदाताओं के घोषणापत्र रायपुर ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब रायपुर द्वारा कॉलेज प्रबंधन को सौंपे गए है। इस अवसर पर घोषणा पत्र भरने वाले 101 दानदाताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि देहदान से चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य के डॉक्टरों को अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए सहयोग प्राप्त होगा, वहीं एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो व्यक्तियों के अंधेरे जीवन में रोशनी आएगी। रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ. प्रीता लाल ने कहा कि आत्मा अमर है, कुछ भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। मृत्यु के बाद भी हमारा शरीर किसी के काम आ सके, इसके लिए आमजन आगे आएं। फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि शिविर के दौरान डॉ. मानिक चटर्जी (डीन) ने सविस्तार देहदान और नेत्रदान की प्रक्रिया, उसके फायदे की संपूर्ण जानकारी दानदाताओं को देते हुए उनके प्रश्नों और जिज्ञासाओं से उनको सरल व सहज शब्दों में अपनी बात रखी। इस अवसर पर रोटरी सचिव अरविंद जोशी, रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की महासचिव अनघा करकशे, रोटरी क्लब की ऑर्गन एवं ब्लड डोनेशन की चेयरमैन शिल्पी चौधरी के अलावा दोनों संस्थाओं के सभी प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त, विक्रेता गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम ने



मुखबिर की सूचना पर 27 जुलाई को रायपुरा स्थित गढ़ही तालाब के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया, जिसमें प्रतिबंधित नशीली दवाइयां रखी हुई थीं, जिसे वह बिक्री करने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी के कब्जे से 52 प्रतिबंधित नशीली सिरप एवं 75 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जिसकी कुल कीमत 9920 रुपए आंकी गई है। आरोपी छन्नू वर्मा मूलतः ग्राम जेते थाना पलारी जिला बलौदाबाजार का रहने वाला है, जो वर्तमान में सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा में रहता है।

### आशा को पीएचडी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने आशा गुप्ता को पीएचडी उपाधि



प्रदान की है। उन्होंने वाणिज्य संकाय के अंतर्गत रायपुर नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। महंत कॉलेज स्थित शोध केंद्र से डॉ.श्वेता महालकर के मार्गदर्शन में आशा ने अपना शोध पूर्ण किया है। आशा रविवि में ही कार्यरत हैं।

## 50 लाख की लागत से वाटर रीचार्ज सिस्टम विकसित करने की योजना


# वर्षा जल संरक्षण के लिए नगर निगम 10 स्थानों पर बनवा रहा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में भूजल स्तर में हो रही गिरावट को रोकने और वर्षा जल को सहेजने रायपुर नगर निगम अब शहर में दस स्थानों पर रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जिससे बारिश के पानी को संरक्षित कर भूजल स्तर बढ़ाया जा सके। इसके तहत करीब 50 लाख रुपए की लागत से 10 स्थानों पर वाटर रीचार्ज सिस्टम बनाए जा रहे हैं। इसमें नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर, निगम मुख्यालय, शहीद स्मारक भवन, आमापारा स्थित आरडी तिवारी स्कूल खेल मैदान में 2 पाइंट पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जा रहा है। इसके अलावा चंगोराभाठा के सांस्कृतिक भवन परिसर, डगनिया कुंआ और सरकारी इंजीनियरिंग कालेज कैंपस सहित अन्य चिन्हांकित स्थल शामिल है।

दरअसल, रायपुर नगर निगम ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर के माध्यम से शहर के अलग-अलग 10 स्थानों को वर्षा जल संग्रहण सिस्टम विकसित करने चुना है। जानकारों के मुताबिक शेलो वाटर इक्वीफर रीचार्ज करने संबंधित स्थानों पर स्ट्रक्चर बनाया जाएगा। यही नहीं, कुंए और बोरवेल के आसपास यह सिस्टम बनाने की तैयारी है, जहां पहले से मौजूद कुंए और बोरवेल के आसपास भूजल का रीचार्ज किया जा सके। इसमें बारिश का पानी इधर-उधर न बहकर सीधे जमीन के अंदर पहुंच सकेगा और जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

### नेताजी सुभाष स्टेडियम मैदान में 2 जगह सिस्टम, आरडी तिवारी स्कूल, चंगोराभाठा के सांस्कृतिक भवन, डगनिया कुंआ सहित अन्य स्थल शामिल



**देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर काम**

*शहर के भूजल वैज्ञानिकों का कहना है कि अक्टूबर से जून माह में प्री मानसून से पहले रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए उपयुक्त समय माना गया है। बारिश पूर्व इस कार्य को पूरा कर लेना था पर नगर निगम देर आए दुरूस्त आए की तर्ज पर शहर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवा रहा है। इस कार्य में निगम के पंजीकृत हाइड्रो लॉजिस्ट की टीम को शामिल कर स्थल का परीक्षण कराया जाता तो इससे बेहतर परिणाम की उम्मीद होती। चूंकि बारिश का सीजन शुरू हो गया है ऐसे में स्थल पर पानी भरने से कार्य प्रभावित होना तय है। जमीन के अंदर की मिट्टी में नमी ज्यादा है इसलिए वर्षा जल संग्रहण में भी असर पड़ सकता है।*

### आरडी तिवारी स्कूल खेल मैदान में 2 पाइंट पर काम शुरू

नगर निगम जोन 5 द्वारा निगम से इंपैनल्ड ठेकेदार के माध्यम से जीई रोड स्थित आमापारा स्कूल के खेल मैदान मे 2 अलग-अलग पाइंट पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने का काम इन दिनों चल रहा है। स्थल पर बोरवेल खुदाई कराने के बाद टैंक बनाने और पाइप लाइन का कार्य कराया जा रहा है। इसी तरह चंगोराभाठा के सांस्कृतिक भवन परिसर में वर्षा जल संरक्षित करने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जा रहा है। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के डगनिया कुंआ की सफाई कर बारिश के जल को संरक्षित करने सिस्टम बनाने की तैयारी है। नगर निगम जोन 4 कमिश्नरी ने निगम मुख्यालय में पहले से बनाए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई कराकर उसे बारिश के जल को सहेजने के हिसाब से तैयार करने में जुटा हुआ है। नेताजी सुभाष स्टेडियम के खेल मैदान में भी रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया जाएगा यहां बड़े आकार के सिस्टम विकसित करने कार्य किया जा रहा है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का चातुर्मास अनुष्ठान सलधा में आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ज्योतिषपीठ बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का चातुर्मास अनुष्ठान गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से 26 सितंबर तक ग्राम सलधा बेमेतरा में होने जा रहा है। वहां विश्व के सबसे बड़े निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग मंदिर सपाद लक्षेश्वर धाम में उनका आगमन होगा। महराज जी के प्रवास के दौरान प्रतिदिन वेद-पुराण प्रवचन, धर्मसभा, गौ संरक्षण पर विचार विमर्श तथा राष्ट्र एवं समाज हित के विषयों पर वे मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर देश भर से संत, विद्वान और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं कार्यक्रम स्थल पर जुटेंगे।

दंडी स्वामी इंदुभवानंद ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरु परंपरा का निर्वहन करने वाले देश-विदेश से भी श्रद्धालु जगदगुश्रु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का दर्शन लाभ लेने पहुंचेंगे। आयोजन को लेकर प्रदेश के हर जिलों में गांव-गांव पहुंचकर आमंत्रण दिया गया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए दंडी स्वामी इंदुभवानंद ने कहा कि चातुर्मास हिंदू धर्म की एक अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक परंपरा है, आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक का समय साधना, तप, स्वाध्याय, धर्म उपदेश और लोक कल्याण के विविध अनुष्ठानों के लिए समर्पित माना जाता है। इस अवधि में संत-महात्मा एक साथ पर निवास कर धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यो के संवर्धन के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित करते हैं। पत्रकार वार्ता में ज्योतिर्मठ के सीएफओ मदन उपाध्याय और मीडिया प्रभारी अशोक साहू उपस्थित रहे।

# भैरव नगर से बोरिया रोड तक नाले पर बने 20 अवैध पाटों को तोड़कर कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्षेत्र में भैरव नगर से बोरिया रोड तक नाले पर निर्मित करीब 20 अवैध पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर नाले की सफाई में आ रही बाधा दूर की। इस दौरान 3 डंपर मलबा बाहर निकाला गया। नाला को कब्जा मुक्त कर बारिश में जलभराव की समस्या दूर की गई।

- 3 डंपर निकला मलबा, नाले की सफाई प्रभावित

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नाला सफाई में आ रही दिक्कत दूर करने 20 अवैध पक्के पाटों को मशीन लगाकर तोड़ते हुए मलबा बाहर निकाला। पुराना धमतरी मार्ग में अवैध पक्के पाटों को तोड़ने अभियान चलाया गया। वार्ड पार्षद रमेश सपहा और जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य हजारी की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई।



# कैशलैस चिकित्सा सुविधा पर मंत्रालय में आज बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा योजना को लागू करने के लिए 29 जुलाई को मंत्रालय में कर्मचारी संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

- कर्मचारी संगठनों के सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा, फेडरेशन द्वारा 7 जुलाई को मुख्य सचिव विकास शील को पत्र भेजा गया गया था कि कैशलैस चिकित्सा सुविधा योजना लागू करने से पूर्व कर्मचारी संगठनों से विस्तृत विचार-विमर्श किया जाए, ताकि योजना कर्मचारियों के हितों के अनुरूप, व्यवहारिक एवं प्रभावी रूप से लागू की जा सके। बजट घोषणा के कई माह बाद भी योजना के संचालन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश, पात्रता, अस्पतालों का पंजीयन, उपचार प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान जारी नहीं होने से कर्मचारियों के बीच भ्रम एवं असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसीलिए योजना लागू करने से पूर्व कर्मचारी संगठनों के सुझाव प्राप्त करना आवश्यक है।

### कर्मचारी संगठनों के साथ होगी बैठक

मुख्य सचिव द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके निर्देशों के पालन में स्वास्थ्य सचिव द्वारा 29 जुलाई को मंत्रालय में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें कैशलैस चिकित्सा सुविधा योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था शुरू होने से कर्मचारियों और अधिकारियों को काफी हद तक फायदा मिलेगा। बीमारी की स्थिति में तत्काल और बेहतर इलाज मिलने से उनकी मुश्किलें दूर होंगी।

# बीटीआई मैदान के पीछे 10 मंजिला आधुनिक व्यावसायिक सह आवासीय परिसर प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शंकर नगर क्षेत्र के बीटीआई मैदान के पीछे और सिंधु भवन के बगल में शिक्षा विभाग के स्टाफ के लिए बनाए गए जर्जर व झोपड़ीनुमा 40 क्वाटर्स को तोड़कर उनके लिए बोरियाकला में 40 नए क्वार्टर बनाकर दिए जाएंगे। प्राइम लोकेशन पर स्थित 1.08 एकड़ जमीन पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट लाने जा रहा है। इसमें पीपीपी मोड पर निजी निवेशक 10 मंजिला भव्य और सर्व सुविधा युक्त कमर्शियल सह आवासीय कंपलेक्स का निर्माण कराया जाएगा। जून 2026 में राज्य सरकार और छत्तीसगढ़ हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया। परियोजना का ऑफसेट प्राइज 56-30 करोड़ रखा गया है। इस परियोजना को अच्छा रिस्पांस मिला है, आधा दर्जन एजेंसियों ने इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखाई है। 5 अगस्त को तकनीकी निविदा खुलेगी और 13 अगस्त को फाइनेंस बीड खोलकर निविदा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि हाउसिंग बोर्ड इस 1.8 एकड़ का उपयोग 10 मंजिला आधुनिक व्यवसायिक सह आवासीय परिसर का निर्माण कराएगा। पीपीपी मोड पर रीडेवलपमेंट प्लान में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। इसके साथ ही इस परियोजना के मानिटरिंग का जिम्मा भी संभालेगा। इस स्कीम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मिश्रित उपयोग के लिए तैयार करना है। इसमें 50 फीसदी क्षेत्र आवासीय एरिया के तहत आवासीय ब्लाक बनाए जाएंगे, जबकि बाकी के 50 फीसदी क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग के लिए दुकानें लगाई जाएंगी।



**प्रोजेक्ट में हरित क्षेत्र का ध्यान, अलग से गार्डन**

इस प्रोजेक्ट में हरित क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए अलग से गार्डन विकसित किया जाएगा।इसी तरह गाड़ियों की पार्किंग के लिए अलग से सुविधा, लिफ्ट तथा पूरे परिसर की सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर रखी जा रही निगरानी

# प्रदेश में अब तक 447.1 मिमी. औसत बारिश, लक्ष्य की 80 प्रतिशत बोनी हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खेती किसानी का कार्य तेज़ी के साथ जारी है। 28 जुलाई की स्थिति में राज्य के 39.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्रों में लक्ष्य की 80 प्रतिशत बोनी हो चुकी है। इस खरीफ सीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में अब तक 447.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को खेती-किसानी में सहूलियतें प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग करने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किए हैं। उन्होंने किसानों को उनकी मांग के अनुसार सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण करने को कहा हैं। खाद-बीज वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटियों में पर्याप्त खाद-बीज का भण्डारण कर सतत निगरानी करने को कहा है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

### *किसानों को खाद और प्रमाणित बीज वितरित*

*कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किसानों को अब तक 9.95 लाख मीट्रिक टन खाद और 4.38 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून की बौछारों के साथ शुरू हुए खेती- किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है।*



**लक्ष्य का 80 प्रतिशत क्षेत्रों में बोनी पूर्ण**

*राज्य में अब तक 39.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, कोदो, कुटकी, अरहर, मूंग, मूंगफली, रामतिल आदि की बोनी हो चुकी है, जो लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। इस खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा है।अधिकारियों ने बताया कि 28 जुलाई सुबह तक की स्थिति में प्रदेश में अब तक 447.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1246.3 मिमी है।*

### जरूरतमंद किसानों को 6931.51 करोड़ रुपए का नि:शुल्क अल्पकालीन कृषि ऋण

अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार किसानों को खेती-किसानी में सहूलियते हो इस उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अल्प कालीन कृषि ऋण उपलब्ध करा रहे है। चालू खरीफ सीजन 2026 के लिए 27 जुलाई की स्थिति में 6931.51 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 5691.72 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया था। इस वर्ष किसानों को 8800 करोड़ रुपए ऋण वितरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### 14.95 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण

प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 14.95 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 9.95 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 64 प्रतिशत है।

### किसानों को 4.38 लाख क्विंटल बीज वितरित

अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ 2026 के लिए बीज निगम द्वारा प्रदेश में 4.95 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरूद्ध 4.75 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 4.38 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो मांग का 88 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी अवधि में 4.31 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया था।

# समाज में न्याय और एकजुटता से ही संभव है विकास : नीलमणि परगनिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा/तरपोंगी

धरसींवा राज के ग्राम बनसांकरा स्थित कुर्मी भवन में सामाजिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मासिक बैठक एवं डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के पुरोधाओं के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुई। समारोह को संबोधित करते हुए राजप्रधान नीलमणि परगनिहा ने समाज की एकता और अनुशासन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहाः जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय नहीं मिलता, तब तक समाज का विकास अधूरा है।

समाज तभी मजबूत बनता है जब हर सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा हो। आपसी मतभेदों को भूलकर विकास के लिए एकजुट होना ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने आगामी धरसींवा राज के महाधिवेशन की तैयारियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया। साथ ही, सामाजिक बुराइयों के निवारण, नशामुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान तथा आपसी विवादों को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सुलझाने पर विशेष जोर दिया।

## धरसींवा राज के कुर्मी भवन में डॉ. खूबचंद बघेल जयंती का आयोजन



### यह रहे शामिल

बैठक में लिए गए सभी सर्वसम्मति निर्णयों को सचिव द्वारा विधिवत लिपिबद्ध किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रप्रधान लीलाधर वर्मा और ग्राम प्रमुख हृदयराम वर्मा ने बेहतरीन ढंग से किया। इस मौके पर केंद्रीय संरक्षक डॉ. केके नायक, केंद्रीय उपाध्यक्ष आरसी वर्मा, उपराजप्रधान ईश्वरी कश्यप, राजेश वर्मा, महिला प्रमुख उषा वर्मा, उपराजमंत्री माहेश्वरी वर्मा, जीतेन्द्र वर्मा, केवल वर्मा, निरज वर्मा, डॉ. नागेंद्र वर्मा, धरम वर्मा, अशोक कश्यप, अश्वनी कश्यप, राजेंद्र वर्मा, महेश नायक, सी.एल. नायक, संत वर्मा, समाजसेवक ईश्वरचंद वर्मा, बिरगांव इकाई प्रमुख शेष धुरंधर, सिमगा इकाई प्रमुख रामप्रताप वर्मा, प्रहलाद वर्मा, विष्णु वर्मा, प्रेम नारायण वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वजातिगण उपस्थित रहे।

### डॉ. खूबचंद बघेल के योगदान को किया याद

*कार्यक्रम के दौरान महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। डॉ. जीवराखन वर्मा उन्होंने डॉ. बघेल को समाज का सच्चा प्रेरणास्रोत बताया।ऋषि वर्मा उन्होंने कहा कि डॉ. बघेल सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यिक क्षेत्रों में अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे। रूद्र कुमार वर्मा उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा के रूप में डॉ. बघेल के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद किया। सामाजिक प्रकरणों का निष्पक्ष निराकरण हुआ। बैठक के दूसरे चरण में राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने प्राप्त सामाजिक प्रकरणों एवं आवेदनों को पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात, आवेदकों एवं गवाहों के बयान दर्ज किए गए। विधान एवं आचार संहिता के अनुरूप कई पारिवारिक व सामाजिक विवादों का पारदर्शी तरीके से समाधान किया गया तथा कुछ मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।*

## खबर संक्षेप

### गौरखेड़ा में गुरु पूर्णिमा आज

**तिल्दा-नेवरा।** सद्गुरु धाम, गौरखेड़ा में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कबीर सेवा के प्रदेश संरक्षक श्रीमती अदिति नेमसिंह बघमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात गुरु वंदना, गुरु ध्यान, भजन-कीर्तन एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद आश्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी स्वरूप भंडारे में भोजन कराया जाएगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर आश्रम में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने और आध्यात्मिक वातावरण का लाभ उठाने की अपील की है।



### शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने कराई जांच



**तिल्दा-नेवरा।** आम आदमी पार्टी द्वारा जनसेवा के उद्देश्य से शुरू किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर लोगों के बीच लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है। बारिश के मौसम में बढ़ रही मौसमी बीमारियों को देखते हुए इस पहल का लाभ लेने वालों की संख्या हर सप्ताह बढ़ रही है। अब तक आयोजित दो शिविरों में 100 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया है। बलौदाबाजार विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता कमल महान ने बताया कि पार्टी ने 20 जुलाई से प्रत्येक सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण अभियान शुरू किया है। शिविर में मरीजों का ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की जाती है और आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। यह शिविर डॉ. राजकुमार सोनी के मार्गदर्शन में प्रत्येक सोमवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संजना आयुष हॉस्पिटल, अग्रसेन चौक, नेवरा में आयोजित किया जा रहा है। डॉ. सोनी लगातार अपनी सेवाएं देकर जरूरतमंद लोगों का उपचार कर रहे हैं। 27 जुलाई को आयोजित शिविर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर डहरिया, दिलीप फेकर, सहदेव डांडेकर, नेमन बांधे, विधानसभा प्रभारी जसपाल जांगड़े, भरत सिंह चौहान, लच्छीराम पाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कमल महान ने बताया कि अगला निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर 3 अगस्त (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस जनहितकारी सेवा का लाभ उठाने की अपील की।

## धान और मिठाइयों से मंत्री का हुआ पारंपरिक तुलादान 60 साल पुरानी सड़क की मांग हुई पूरी

# साय सरकार केवल घोषणा नहीं करती धरातल पर विकास कार्यों को देती है मूर्त रूप : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड तिल्दा अंतर्गत ग्राम टंडवा में मंगलवार को विकास का नया अध्याय लिखा गया। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक टंक राम वर्मा ने लगभग 8.47 करोड़ (करीब 9 करोड़) की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने की।समारोह में ग्रामीणों ने मंत्री टंक राम वर्मा का बाजे गाजे के साथ धान एवं मिठाइयों से पारंपरिक तुलादान कर आत्मीय स्वागत किया। पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह, उल्लास और विकास की उम्मीदों का माहौल देखने को मिला।

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से शहरों के साथ-साथ गांवों में भी विकास की गंगा बह रही है। हमारी सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि धरातल पर विकास कार्यों को मूर्त रूप देती है। उन्होंने कहा कि आज जिस टंडवा-बैकुंठ सड़क का भूमिपूजन हुआ है, वह क्षेत्र की लगभग 60 वर्ष पुरानी मांग थी। इस सड़क के निर्माण से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में राहत मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़क क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का नया द्वार साबित होगी।

### बच्चों को मिली शिक्षा की सौगात, सरपंच ने जताया आभार

टंडवा सरपंच योगिता कृष्ण कुमार वर्मा ने मंत्री के द्वारा गांव को दी गई सौगात पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद से आज तक टंडवा गांव में 9 करोड़ के विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क की मांग काफी पुरानी थी ग्रामीण बारिश में दलदल से होकर गुजरते थे, लेकिन जल्द ही अब अच्छी सड़क बन जाएगी। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा ,पूर्व सरपंच फुल केसरी सोनवानी, पूर्व सरपंच कृष्ण वर्मा पूर्व सरपंच पुष्प लता नायक, कुंदरु के सरपंच भाजपा नेता यशवंत वर्मा भाजपा के शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मनोज निषाद ,नर्सिंग वर्मा,जनपद पंचायत तिल्दा के जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत टंडवा के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। टंडवा में आयोजित यह कार्यक्रम केवल भूमिपूजन और लोकार्पण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लगभग छह दशक पुरानी सड़क की मांग पूरी होने की खुशी, शिक्षा को मिली नई सौगात और क्षेत्र के विकास के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास का उत्सव बन गया।







### 2018 में मिली थी स्वीकृति, कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

मंत्री वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि इस सड़क की मांग वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत द्वारा स्वीकृत की गई थी। लेकिन इसके बाद कांग्रेस सरकार ने इस परियोजना पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण स्वीकृति मिलने के बावजूद सड़क निर्माण वर्षों तक शुरू नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि वर्तमान विष्णु देव साय सरकार ने इस लंबित मांग को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य को गति दी है, ताकि क्षेत्र की जनता को वर्षों से प्रतीक्षित बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

### विद्यार्थियों को मिली शिक्षा की सौगात

कार्यक्रम के दौरान मंत्री टंक राम वर्मा ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को कॉपी, पुस्तकें, गणवेश एवं साइकिलों का वितरण किया। शैक्षणिक सामग्री और साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टंडवा से बैकुंठ मार्ग (2.65 किमी) 3.87 करोड़,,टंडवा देहानपारा से झोपड़ापारा-बैकुंठ मार्ग (2.675 किमी) – 4.44 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टंडवा में 10 लाख की लागत से निर्मित पोर्च का लोकार्पण..5 लाख की लागत से बने साइकिल स्टैंड का लोकार्पण,लगभग 60 लाख के अतिरिक्त विकास कार्य प्रगति पर सरपंच ने आभार जताया।

## सशिमं तरपोंगी में छात्रसंघ का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में सत्र 2026-27 के लिए शिशु भारती, बाल भारती एवं कन्या भारती का गठन प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव प्रणाली द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

शिशु भारती भैया वर्ग से तोषण धीवर अध्यक्ष एवं सागर यदु उपाध्यक्ष चुने गए। वहीं बहन वर्ग से ईशा वर्मा अध्यक्ष तथा दीक्षा वर्मा उपाध्यक्ष बनाई गईं। बाल भारती एवं कन्या भारती बाल भारती के अध्यक्ष विकास वर्मा तथा उपाध्यक्ष खिलेंद्र साहू चुने गए। कन्या भारती की अध्यक्ष प्रिया साहू एवं उपाध्यक्ष चंचल साहू चयनित हुईं। सांस्कृतिक प्रमुख भैया वर्ग से वरुण देव साहू एवं बहन वर्ग से गुंजन साहू का चयन हुआ। अनुशासन प्रमुख भैया वर्ग से अभिषेक वर्मा (सहयोगीः प्रियांशु वर्मा) तथा बहन वर्ग से खुशी साहू (सहयोगीः रितिका ध्रुव) चुने गए। वंदना प्रमुख पुष्पांजलि महानंद कुमुद वर्मा एवं दिव्यांशी वर्मा चयनित हुईं। शारीरिक प्रमुख भैया वर्ग से वरुण देव तथा बहन वर्ग से निहारिका वर्मा व रूपाली यादव के नामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तुलसीराम वर्मा, कार्यालय प्रमुख सुश्री संध्या महानंद, सांस्कृतिक प्रमुख भानुमति सिन्हा सहित समस्त आचार्यगण, दीदियाँ एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। प्राचार्य तुलसीराम वर्मा ने सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात प्रार्थना सभा में सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## छटेरा स्कूल की छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शासकीय हाई स्कूल छटेरा में राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत छटेरा की सरपंच मायावती बांधे एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश चंद्राकर, उपसरपंच जितेंद्र चौहान, लखनलाल यादव, लोकेश बांधे, ज्ञानेश्वरी घृतलहरे, नीतू यादव, उर्मिला निषाद, कमलनारायण कोसरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने जीवन में शिक्षा के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने, विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने साइकिल प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण सोनचंद घृतलहरे, सुशील कुमार बेलगहे, रामानंद ध्रुव, प्रीति बाला पटेल, शाला विकास समिति के सदस्य, पालकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया तथा सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## कांग्रेस ने जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को और तेज करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक राजीव भवन, आरंग में संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शिवकुमार डहरिया ने की। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री पप्पू बंजारे, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन किया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक एवं जनआंदोलन से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में विशेष रूप से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा जनसरोकार के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से संघर्ष करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान देश एवं प्रदेश से जुड़े विभिन्न जनहित के विषयों पर भी गंभीर चर्चा की गई। इसमें नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण, राम मंदिर निर्माण के नाम पर चंदे में कथित अनियमितताओं का मामला, केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतिगत विफलताएं, किसानों को खाद वितरण में हो रही अव्यवस्था, धांधली एवं भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी की आगामी रणनीति तय की गई। प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए जाने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को पूरी प्रतिबद्धता के साथ गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनहित के मुद्दों पर संघर्षशील बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।



### कांग्रेस संगठन को मिल रही ऊर्जा : डॉ. डहरिया

पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रत्येक माह नियमित रूप से संगठनात्मक बैठक आयोजित करती है, जिससे संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। देश में लगातार सामने आ रहे परीक्षा घोटालों ने युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय किया है, जिस पर कांग्रेस पार्टी मजबूती से आवाज उठा रही है।

## फैक्ट्री प्रबंधकों की बैठक में दिए गए कड़े निर्देश

# श्रमिकों का सत्यापन न कराने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

जिले के सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के विशेष निर्देशन और ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक झा के मार्गदर्शन में सिलतरा थाना परिसर में क्षेत्र की सभी औद्योगिक इकाइयों के मानव संसाधन (एच आर) प्रबंधकों की एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों, बाहरी कामगारों और अप्रवासी कर्मियों के सत्यापन से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन कराना और उनकी पूरी जानकारी समय पर थाने में उपलब्ध कराना था। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कारखानों में काम करने वाले प्रत्येक मजदूर और कर्मचारी का प्रामाणिक रिकॉर्ड थाना स्तर पर दर्ज होना अनिवार्य है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में माना के उप पुलिस अधीक्षक श्री लम्बोदर पटेल और सिलतरा थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह कंवर सहित पूरा थाना स्टाफ प्रमुख रूप से उपस्थित रहा, जिन्होंने सभी फैक्ट्री संचालकों और प्रबंधकों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।





### संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे

पुलिस ने क्षेत्र की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से आम जनता और औद्योगिक इकाइयों से सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति, विदेशी नागरिक, अप्रवासी भारतीय अथवा किसी प्रकार की असामाजिक व संदिग्ध गतिविधि नजर आए, तो उसकी जानकारी तुरंत टोल-फ्री नंबर 1800 233 1905 पर दर्ज कराएं। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### सिलतरा बना अपराधियों का सेफ हाउस

गौरतलब है कि सिलतरा जैसे विशाल औद्योगिक क्षेत्रों का यह काला इतिहास रहा है कि पूर्व में कई बार ऐसे इलाके अपराधियों के सुरक्षित पनाहगाह के रूप में उभरते रहे हैं। कई मामलों में यह तथ्य सामने आया है कि प्रशासनिक लापरवाही और लचर सत्यापन प्रणालियों के चलते आपराधिक तत्व इन फैक्ट्रियों और औद्योगिक इकाइयों की आड़ में शरण लेते हैं। जानकारों का मानना है कि फैक्ट्रियों द्वारा बरती जाने वाली ढिलाई कई बार इन असामाजिक तत्वों को अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण देती है। इस गंभीर विसंगति को जड़ से समाप्त करने के लिए ही अब पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाने शुरू किए हैं, ताकि औद्योगिकीकरण के आंचल में पनपने वाले अपराधों पर पूर्ण विराम लगाया जा सके और औद्योगिक क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जा सके।

## बेंद्री में नवीन कॉलेज की सौगात

**अभनपुर।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। विधायक इंद्र कुमार साहू के सतत प्रयासों एवं पहल के फलस्वरूप ग्राम बेंद्री में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 से महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा इसी सत्र से नियमित कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। विधायक के गृहग्राम में नवीन महाविद्यालय के प्रारंभ होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए रायपुर या अन्य शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे विद्यार्थियों का समय और आर्थिक व्यय दोनों कम होंगे तथा स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। महाविद्यालय में प्रथम चरण में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। इनमें बीए (कला संकाय) में 90 सीट, बीकॉम (वाणिज्य संकाय) में 90 सीट, बीएससी (वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं रसायनशास्त्र समूह) में 45 सीट तथा बीएससी (गणित संकाय) में 45 सीट निर्धारित की गई हैं। प्रवेश प्रक्रिया पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि नवीन शासकीय महाविद्यालय बेंद्री क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।





|| जय गुरूदेव ||
|| श्री राधा ||
|| जय गोविंद||
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. रामविचार नेताम जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. दयालदास बघेल जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. केदार कश्यप जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. लखनलाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. श्यामबिहारी जायसवाल जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. ओ.पी. चौधरी जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. लक्ष्मी राजवाड़े जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. टंकराम वर्मा जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
मान. गजेन्द्र यादव जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. गुरू खुशवंत साहेब जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. राजेश अग्रवाल जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
मान. मीनल चौबे जी
महापौर, रायपुर
परमपूज्य
सद्गुरू श्री ऋतेश्वर जी
के दिव्य सानिध्य में
ॐ
गुरुपूर्णिमा
महा-महोत्सव
29 जुलाई 2026
प्रातः 10 बजे से
जैनम मानस भवन, रायपुर
संपर्क सूत्र : 9532303030
आयोजक :
केदारनाथ गुप्ता
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)
सुनील अग्रवाल
लेन्ड्रा
संजय अग्रवाल
शिवरीनारायण
राकेश अग्रवाल
रायपुर
सुरेश गोयल
रायगढ़

**खबर संक्षेप**



## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर

**रायपुर।** लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा ब्लड बैंक में दो थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। इसी दौरान विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा के इस महायज्ञ में सहभागी बनने का आव्हान किया। संस्था ने रक्तदाता को प्रशस्ति-पत्र (प्रमाणपत्र) प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जोन-1 के अध्यक्ष गज्जू साहू, डॉ. उदयभान सिंह चौहान आदि शामिल थे।

## सहायक ग्रंथपाल के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने सहायक ग्रंथपाल के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए हैं। पीएससी ने यह परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की थी। इसके लिए 3 जिलों में 12 केंद्र बनाए गए थे। हाईकोर्ट के अंतर्गत रिक्त पदों पर इस परीक्षा के माध्यम से भर्ती होगी। मॉडल आंसर पर 28 जुलाई से 5 अगस्त तक दावा-आपत्ति किए जा सकेंगे।

## अनुरेखक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अनुरेखक भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा होगी। 2 अगस्त को होने वाली लिखित भर्ती परीक्षा के लिए केवल राजधानी रायपुर में ही केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश पत्र सहित परीक्षा संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# अब चावलों पर महंगाई की मार, 20 रुपए तक बढ़े दाम, खाद्य तेलों की कीमत में भी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। अब चावल, गेंहू और खाद्य तेलों के दाम त्योहारी सीजन से पहले बढ़ गए हैं। मोटे और पतले चावलों के दाम 5 से 20 रुपए तक बढ़ गए हैं। इसी के साथ खाद्य तेलों में इस समय राइस ब्रान के दाम आसमान पर चले गए हैं। इसके दाम तो सोया तेल से भी ज्यादा हो गए हैं। सरसों तेल एक बार फिर दो सौ के पार हो गया है। गेंहू के दाम भी पांच रुपए तक बढ़े हैं।

चावल की कीमत लगातार बढ़ते जा रही है। इसके दाम बढ़ने का कोई कारण भी नहीं रहता है। उत्पादक कारोबारी कभी भी इसके दाम में इजाफा कर देते हैं। वैसे त्योहारी सीजन के पहले कारोबारी ज्यादातर किचन के सामन के दाम बढ़ा देते हैं। पूरी तरह से उपर से नीचे तक सिंडीकेट बनाकर मुनाफाखोरी की जा रही है।

### राइस ब्रान-सरसों तेल महंगा

*खाद्य तेलों में इस समय बाकी तेलों के दाम तो नहीं बढ़े हैं, लेकिन इस समय राइस ब्रान तेल के दाम जरूर बढ़ गए है। हरेली का जो तेल पहले चिल्हर में 125 रुपए था, उसके दाम 130 रुपए हो गए है। ये एक लीटर का पाउच न होकर 800 ग्राम का पाउच है। ऐसे में एक लीटर की कीमत 163 रुपए हो रही है। सोया तेल के दाम इस समय 155 रुपए है। यानी राइस ब्रान सोया तेल से महंगा हो गया है। सरसों तेल के दाम थोक में 194 रुपए और चिल्हर में 205 रुपए हो गए है।*

### अलग-अलग ब्रांड के पतले चावलों के दाम 5 से 20 रुपए तक बढ़े



### गेंहू के दाम भी बढ़े

*गेंहू के दाम में भी इजाफा हो गया है। सामान्य गेंहू के दाम थोक में 28 रुपए से बढ़कर 32 से 33 और चिल्हर में 40 रुपए हो गए हैं।अच्छी क्वालिटी वाले गेंहू के दाम थोक में 50 से बढ़कर 55 और चिल्हर में 60 रुपए हो गए हैं।*

### 20 रुपए तक बढ़े दाम

*चावलों के दाम 5 से 20 रुपए बढ़े हैं। इसी के साथ गेंहू की कीमत में भी इजाफा हुआ है।बारिश कम होने का असर चावलों के दाम पर दिख रहा है।*

**गोविंद माहेश्वरी, थोक कारोबारी**

### किसके दाम कितने बढ़े

*पतले चावलों की आवक अपने प्रदेश में ज्यादातर दक्षिण के राज्यों से होती है। इसी के साथ मप्र से भी भारी मात्रा में यहां पर चावल आते हैं। इसके अलावा लोकल उत्पादकों के उत्पाद भी बिकते हैं। सबसे ज्यादा डिमांड पतले चावलों की रहती है। इसकी कीमत में भी भारी इजाफा हुआ है। वैसे मोटे चावलों के दाम भी पांच से दस रुपए बढ़े हैं। मप्र सिवनी का काली मूंछ चावल बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम में दो माह में 15 रुपए तक का इजाफा हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम दो माह पहले थोक में 45 सौ रुपए थे जो अब छह हजार हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम इस समय 65 सौ रुपए हैं। यानी एक किलो के दाम 65 रुपए हैं। एचएमटी चावल के दाम पहले थोक में 45 से 48 रुपए थे इसके दाम थोक में 58 रुपए और चिल्हर में 62 से 65 रुपए हो गए हैं। अब्बा हुजूर चावल की भी अपने राज्य में बहुत डिमांड है। इसके दाम थोक में 57 रुपए से सीधे 73 से 74 रुपए और चिल्हर में 80 रुपए हो गए हैं। जय श्री राम चावल के दाम में 20 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके दाम थोक में पहले 50 से 55 रुपए थे जो अब 70 से 75 और चिल्हर में 75 से 80 रुपए हो गए हैं। जवां फूल चावल के दाम थोक में 90 रुपए से बढ़कर अब 115 रुपए हो गए हैं।*

## तहसील दफ्तरों में डंप पड़ी फाईलें, आवेदक हो रहे परेशान

# श्रम कोर्ट में न्याय मिलने के बाद भी पक्षकार परेशान ग्रेच्युटी सहित कई मामलों में संपत्ति कुर्की के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्रम न्यायालय में ग्रेज्युटी सहित अन्य कई मामलों में शिकायत करने वाले पक्षकारों के पक्ष में आदेश जारी होने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। ऐसे कई मामले हैं, जिनमें श्रम न्यायालय ने अनावेदक पक्षकारों को आवेदकों को राशि के भुगतान से संबंधित आदेश जारी किए है।

इसके बाद भी अनावेदक इस आदेश का पालन नहीं कर आवेदक पक्षकारों को राशि का भुगतान नहीं रहे हैं। इधर आवेदक पक्षकारों के दोबारा आवेदन करने पर श्रम न्यायालय द्वारा अनावेदक पक्षकारों की संपत्ति कुर्क कर यह राशि आवेदकों को दिलाने के लिए तहसील दफ्तरों के राजस्व अधिकारियों को पत्र लिखे गए हैं, लेकिन ये फाइलें भी तहसील दफ्तरों में डंप कर दी गई हैं। इस तरह श्रम न्यायालय से न्याय मिलने के बाद भी आवेदक पक्षकार तहसील दफ्तरों के लगातार चक्कर काट रहे हैं।

### सालभर में 35 से अधिक ग्रेज्युटी के मामले में आदेश जारी

*श्रम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में पिछले सालभर में ग्रेज्युटी सहित अन्य कई मामलों में शिकायतों पर प्रकरण दर्ज कर सुनवाई की जा रही है। इस दौरान ग्रेज्युटी के करीब 35 प्रकरणों में श्रम न्यायालय ने आवेदक पक्षकारों के पक्ष में आदेश भी जारी किए हैं। इनमें कई आदेश कई वर्षों तक चली लंबी सुनवाई के बाद जारी किए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी इन आदेशों का पालन नहीं कर अनावेदकों द्वारा आवेदकों को राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके कारण आवेदकों की अपील पर इस मामले में अब श्रम न्यायालय ने अनावेदकों की संपत्ति कुर्क कर राशि का भुगतान करने संबंधित आदेश जारी किए हैं।*



### कई प्रकरण में होना है लाखों का भुगतान

*तहसील दफ्तरों में लंबित पड़े कुर्की संपत्ति की फाइलों में कुछ ऐसी भी हैं, जिनमें अनावेदकों को लाखों रुपए का भुगतान किया जाना है। यह राशि जिन आवेदकों को मिलनी है, वे इस उम्मीद से लगातार तहसील दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं कि कभी न कभी उन्हें राशि मिलेगी।*

### कलेक्टर के हस्ताक्षर के बाद तहसीलों में फाइलें डंप

*विभागीय अधिकारी के अनुसार श्रम न्यायालय से संपत्ति कुर्क करने संबंधित जारी पत्र पर कार्रवाई करने से पहले जिला कलेक्टर की मंजूरी लेनी होती है। कलेक्टर की अनुमति के बाद इस आदेश पत्र को संबंधित तहसील दफ्तर के एसडीएम को भेजा जाता है, जिस पर आगे की कार्यवाही तहसीलदार एवं पटवारी के माध्यम से की जाती है। इस प्रक्रिया में भी कई महीने लग जाते हैं। रायपुर जिले के तहसील दफ्तरों में इसी तरह की 35 से अधिक फाइलें डंप पड़ी हुई हैं, जिन पर संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जानी है।*

### भुगतान नहीं करता तो आरआरसी जारी की जाती है

आवेदक पक्षकारों के पक्ष में आदेश जारी होने के बाद अगर कोई अनावेदक राशि का भुगतान नहीं करता है, तो आरआरसी जारी की जाती है। सालभर में ग्रेज्युटी के 35 प्रकरणों में आरआरसी जारी किए गए हैं। इनमें से तहसीलों में कितनी फाइले लंबित हैं, इसकी जानकारी नहीं है।

**देवेंद्र देवांगन, प्रभारी श्रमायुक्त, रायपुर**

# लंबित प्रकरण जल्द निराकरण करे-कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को रेडक्रास भवन में समय सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और जन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने पीजी पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की एक-एक कर जानकारी ली। इस दौरान प्रोजेक्ट समन्वय के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।








04 15 वर्षों तक बिना छुट्टी निभा रहे गुरु का...

# अनुशासन, गुणवत्ता और सफलता की नई पहचान: DAC Academy Sainik School ने गढ़ी हजारों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कहानी

आज के प्रतिस्पर्धी दौर में प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दिलाना चाहते हैं, जो केवल परीक्षा तक सीमित न होकर उनके व्यक्तित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना का भी विकास करे। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए DAC Academy Sainik School पिछले 11 वर्षों से छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण रक्षा शिक्षा (Defence Education) प्रदान कर रहा है। वर्ष 2016 में स्थापित इस संस्था ने अपनी उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली, अनुभवी शिक्षकों और परिणामोन्मुखी तैयारी के बल पर हजारों विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। संस्था के संस्थापक डी. पी. गोस्वामी एवं साहू सर के मार्गदर्शन में संचालित DAC Academy आज केवल एक कोचिंग संस्थान नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की सोच विकसित करने वाला शिक्षा केंद्र बन चुका है। यहां विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही सैन्य जीवन की मूलभूत अवधारणाओं, नेतृत्व कौशल और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी कराई जाती है।गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ समग्र व्यक्तित्व विकासDAC Academy का मानना है कि सफलता केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं मिलती, बल्कि अनुशासन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी उतनी ही आवश्यक है। इसी सोच के साथ संस्था विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से तैयार करती है।संस्था में Smart Classroom, Activity Based Learning, Scientific Teaching Methodology, Weekly Test Series, Mock Test, Daily Practice Session, Library Facility, Doubt Solving Classes और Personal Attention जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत प्रगति पर विशेष निगरानी रखी जाती है ताकि वह अपनी कमियों को दूर कर बेहतर प्रदर्शन कर सके।

## 11 वर्षों से अनुशासन, गुणवत्ता और उत्कृष्ट परिणामों के साथ गढ़ रहा है देश का भविष्य



बदलते समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में कार्य करते हुए DAC Academy Sainik School ने पिछले 11 वर्षों में छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के विद्यार्थियों के बीच अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2016 में स्थापित यह संस्थान आज Sainik School, Rashtriya Military School (RMS), Navodaya Vidyalaya, Rashtriya Indian Military College (RIMC) तथा NDA Foundation जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थानों में शामिल है। संस्थान का संचालन अनुभवी शिक्षकों डी. पी. गोस्वामी एवं साहू सर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना है। यही कारण है कि आज DAC Academy हजारों अभिभावकों के विश्वास का केंद्र बन चुका है।

## 11 वर्षों की उत्कृष्ट यात्रा

DAC Academy ने वर्ष 2016 से अपनी शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ की थी। सीमित संसाधनों से शुरू हुई यह यात्रा आज सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँच चुकी है। संस्था के अनुसार अब तक 1000 से अधिक विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में हो चुका है। यह उपलब्धि संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित अभ्यास, आधुनिक शिक्षण प्रणाली और अनुभवी शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।संस्थान ने हमेशा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत क्षमता को पहचानते हुए उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुँचाने का कार्य किया है। प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति का नियमित मूल्यांकन किया जाता है ताकि उसकी कमजोरियों को समय रहते दूर किया जा सके।



**D P Goswami**
**Director (DAC Academy)**
"सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन में नेतृत्व करने के लिए तैयार करना है।"

**Aniketa Madam**
**Deputy Director**
₹आपका विश्वास और सहयोग हमें हर दिन अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए और अधिक समर्पण एवं मेहनत करने की प्रेरणा देता है। हमारा उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी में अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और उत्कृष्ट व्यक्तित्व का विकास करना है। हम निरंतर ऐसे वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ हर छात्र अपने सपनों को साकार कर देश और समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बन सके।"

**Pintu Sir**
**Deputy Director**
आपका विश्वास, सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान कर उसे उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करें।आपके सतत सहयोग के साथ हम अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उत्कृष्ट शिक्षा और सफलता के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।आप सभी का हृदय से धन्यवाद।

## संस्थान में नवीनतम परीक्षा पैटर्न के अनुसार अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट, मॉडल पेपर और विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है।

## आधुनिक शिक्षण प्रणाली बनी सफलता का आधार

DAC Academy की शिक्षण प्रणाली विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास के लिए भी प्रेरित करती है।संस्थान में Smart Classrooms, Scientific Teaching Methodology, Activity Based Learning, Weekly Test Series, Mock Tests, Daily Practice Sessions, Library Facility, Doubt Solving Sessions, Personal Attention और Digital Learning Support जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं।इन सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किया जाता है।अनुशासन और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यानसंस्थान का मानना है कि सफलता केवल अच्छी पढ़ाई से नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से भी प्राप्त होती है। इसी सोच के साथ विद्यार्थियों को नियमित रूप से Physical Training, Sports Activities, Leadership Development Programmes, Group Activities, Personality Development Sessions तथा Field Visits में भाग लेने का अवसर दिया जाता है।इन गतिविधियों से विद्यार्थियों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास संतुलित रूप से होता है।

### अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन

DAC Academy की सबसे बड़ी ताकत इसकी अनुभवी फैकल्टी है। डी. पी. गोस्वामी एवं साहू सर वर्षों से Defence Education के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और हजारों विद्यार्थियों को सफलता दिला चुके हैं।उनका मानना है कि प्रत्येक विद्यार्थी में सफलता की क्षमता होती है। आवश्यकता केवल सही दिशा, नियमित अभ्यास और सकारात्मक मार्गदर्शन की होती है।

**संस्थान के निदेशक डी. पी. गोस्वामी ने कहा कि** - हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार, अनुशासित और आत्मविश्वासी नागरिक तैयार करना है जो भविष्य में देश की सेवा कर सकें। प्रत्येक विद्यार्थी हमारी जिम्मेदारी है और उसकी सफलता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि संस्था आने वाले वर्षों में और अधिक आधुनिक तकनीक, बेहतर शिक्षण संसाधनों एवं अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। **उप निदेशक का संदेश संस्थान की उप निदेशक अनिकेता मैडम ने कहा** - अभिभावकों का विश्वास और विद्यार्थियों का उत्साह हमें प्रतिदिन और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देता है।

हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्य और सकारात्मक सोच प्रदान की जाए। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल हों। भविष्य की योजनाएँ DAC Academy भविष्य में अपने शैक्षणिक विस्तार के साथ डिजिटल शिक्षा, आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम, राष्ट्रीय स्तर की टेस्ट सीरीज, अनुभवी फैकल्टी और बेहतर छात्र सुविधाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। संस्था का लक्ष्य आने वाले वर्षों में हजारों और विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित रक्षा एवं आवासीय विद्यालयों तक पहुँचाना है।




# गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा, गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नम:




# गुरुपूर्णिमा

## की हार्दिक शुभकामनाएं...







**अक्षर ज्ञान ही नहीं,**
**गुरु ने सिखाया जीवन ज्ञान,**
**गुरुमंत्र को कर आत्मसात**
**हो जाओ भवसागर से पार...**

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु वह दीपक है जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करने के लिए हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। यह दिन गुरुओं के प्रति सम्मान, आभार और श्रद्धा प्रकट करने का अवसर होता है। गुरु का स्थान हमारे जीवन में सर्वोच्च होता है ''गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः'' इस मंत्र के माध्यम से हम यह समझते हैं कि गुरु ही सृष्टि का सृजनकर्ता, पालक और संहारक होता है।गुरु न केवल हमें विद्या का ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन के सही मार्ग पर चलना भी सिखाते हैं। वे हमारे अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरुपूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के रूप में भी मनाई जाती है, जिन्होंने महाभारत और वेदों की रचना की। इस दिन शिष्य अपने गुरु का आशीर्वाद लेते हैं और उन्हें आदरपूर्वक नमन करते हैं।आज के दिन हम अपने माता-पिता, शिक्षक, और जीवन में मार्गदर्शन करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार प्रकट करते हैं।गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर सभी गुरुओं को शत्-शत् नमन।


**गुरु पूर्णिमा का महत्वः**

गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने वेदों का विभाजन करके चार भागों में वर्गीकृत किया और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना की। इसी कारण उन्हें ₹आदि गुरु₹ माना जाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु का पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।





























SHRI VINAYAK
SV EDUCATIONAL ACADEMY
INSTITUTE DEDICATED FOR
NEET
(A Unit of Eduficial Pvt. Ltd.)
SESSION 2026-2027
ADMISSION OPEN
NEET DROPPER / XII / XI
OUR TOPPERS
Result Neet 2026
KARANVEER LALWANI
561
Marks
SAKSHI DWIVEDI
560
Marks
KANTI SAHU
530
Marks
SHREE
514
Marks
DURGESH DESHMUKH
504
Marks
JIYA YADAV
504
Marks
DEVANSH SHARMA
495
Marks
Early Birds Discount Available*
WHY Choose US?
Classroom Learning
Expert Faculties
Doubt Solving Session
All India Test Series
Video Lecture Support
More than 60 plus selection in government Medical College Best selection ratio
Dr. Sunil Mall
(Director) (M.B.B.S., M.D., AIIMS-New Delhi)
9893004174, 9981404174
Follow us on
Address: Devendra Nagar Near of Narayana Hospital, Raipur
Khanna

सिटी लाइव

## एकल विद्यालयों के लिए उत्कृष्ट योगदान, वन बंधु परिषद सम्मानित




**रायपुर।** वन बंधु परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई को हैदराबाद में हुई राष्ट्रीय बैठक में एकल विद्यालयों के संचालन के लिए सर्वाधिक राशि संग्रह करने पर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए परिषद के रायपुर चैप्टर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्रदान किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि हैदराबाद के कान्हा शांतिवनम आश्रम में राष्ट्रीय बैठक में संगठन के संकल्प, विजन और भावी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वनवासी क्षेत्रों में एकल विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा के विस्तार तथा ग्रामीण विकास के लिए परिषद की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

### यह रहे उपस्थित

राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश माहेश्वरी, संरक्षक रमेश सरावगी, रामेश्वर काबरा और रतनी काबरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ इकाई के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य की योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया। सम्मान समारोह में संभाग प्रमुख प्रेम सिरसो, चैप्टर अध्यक्ष बीएल अग्रवाल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, सचिव चंदन जैन, उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल, प्रोजेक्ट संयोजक अनिल डागा, महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया और धमतरी चैप्टर अध्यक्ष प्रभाष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अनिल डागा को राष्ट्रीय वन यात्रा प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा भी की।

इवेंट लाइव

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान और कॅरियर मार्गदर्शन सेमिनार



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई रायपुर के तत्वावधान में विमतारा भवन में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एसके जाधव रहे।

### कॅरियर निर्माण और लक्ष्य निर्धारण पर मार्गदर्शन

मोटिवेशनल स्पीकर रमा सागर एवं डॉ. ओम कनोजिया ने विद्यार्थियों को कॅरियर निर्माण और लक्ष्य निर्धारण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने की। विशिष्ट अतिथि दिलीप वासनीकर, भोजराज गौरखेड़े, संजय गजघाटे, मार्गदर्शक बिम्बिसार नागार्जुन एवं डॉ. सौम्या रामटेके उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विजय गजघाटे ने किया। इस अवसर पर समाज से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

समाज इवेंट

## वार्षिक आम सभा में कार्यों और आय-व्यय का दिया लेखा-जोखा



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा का आयोजन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन, सेक्टर-6 में संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष विनोद वासनिक ने की। बैठक में संस्था द्वारा अब तक किए गए कार्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय और बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के आय-व्यय का विस्तृत विवरण कोषाध्यक्ष हरि किसन भोवते ने सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष रंजू खोबागड़े, सचिव अशोक नंदेश्वर और लेखापाल अशोक श्यामकुंवर भी उपस्थित थे। सभा का संचालन महासचिव वीरेंद्र ने किया। कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार बंसोड़कर, प्रितेश पाटील, भागवत बागड़े, आशीष चौहान, डी. पी. भोयर, धनंजय मेश्राम, जालेंद्र उके, आनंद रामटेके, ठानेन्द्र कांबले, महेंद्र खोबरागड़े, राजेश गजभिये और सविता मेश्राम सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### यह रहे उपस्थित

आम सभा में विनायक राव चौरे, डॉ. आर. एल. वाहने, पूर्व महासचिव रामाराव ढोक, रविंद्र गाडगे, माधुरी बरड़े और प्रज्ञा खोबरागड़े ने अपने सुझाव और शिकायतें रखीं। सभी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया और सुझावों को कार्यकारिणी में रखकर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।सभा में अशोक ढवले, सतीश नांदगाये, मीना नारनौरे, पुष्पलता भोयर, प्रणाली गढ़लिंगे, लता गाडगे, दिव्या काले, कुसुम गजभिये, शालू दामले, अलका बौद्ध, उज्वला लवाले, सुशीला वासनिक, तारा पाटील, नेकराम रामटेके, सुनील लवाले, राजकुमार रामटेके, प्रकाश मेश्राम, अनिल साखरे, सुभाष बंसोड़कर सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।




> ‘गुरु कमजोरी को भी ताकत बना लेते हैं। ऐसे कई गुरु मिलेंगे, जिन्होंने शिष्यों को अपने से बेहतर बनाते हुए आदर्श गुरु बने। लेकिन, सोनवानी गुरुजी की बात ही कुछ और है। वे गुरु दक्षिणा में दिए गए वचन का पालन रिटायर होने के बाद भी रहे हैं। इनके सिखाए विद्यार्थी कई ऐसे हैं, जिन्होंने नेशनल लेवल पर अवार्ड जीतने के बाद भी बतौर योग शिक्षक सेवा दे रहे हैं। कुछ गुरु ऐसे भी होते हैं, जो शिक्षा की महत्ता को समझते हैं। ऐसे गुरुओं का कोई नाम नहीं होता है, लेकिन वे सार्थक प्रयास से अशिक्षित महिलाओं और पुरुषों को प्रौढ़ शिक्षा से जोड़ने के साथ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा को बेहतर करने फ्री कोचिंग दे रहे हैं।’

### शिक्षा की अलख जगाए रखने गुरुजनों की अनूठी पहल

# 15 वर्षों तक बिना छुट्टी निभा रहे गुरु का दायित्व रिटायरमेंट के बाद भी शिक्षा-योग की सेवा जारी

**रायपुर।** भनपुरी स्कूल से बतौर शिक्षक सेवानिवृत्त हुए सीएल सोनवानी बताते हैं कि 1992 में एक सड़क दुर्घटना में मेरी पसली और रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। तब एक शिक्षक के रूप में सेवा दे रहा था। काफी इलाज करवाने के बाद आम्बेडकर अस्पताल के एक एलोपैथी चिकित्सक ने योगाभ्यास करने की भी सलाह दी। 1994 में एक संयोग बना और मुझे भोपाल में आयोजित शासकीय योग प्रशिक्षण का हिस्सा बनने का अवसर मिला। वहां सरोज पांडे और मंगलेश यादव जैसे गुरुओं से प्रशिक्षण के बाद गुरु दक्षिणा देने के लिए गया था। उन्होंने गुरु दक्षिणा लेने से इंकार करते हुए एक संकल्प लिया कि इस विद्या को आगे बढ़ाने के लिए सुबह-शाम समय दान करते हुए विद्यार्थियों और स्कूल क्षेत्र के परिवारों को इस विद्या से जोड़ने और इसका लाभ देने के लिए पहल करो।

### सुबह-शाम फ्री योग प्रशिक्षण देना शुरू किया

श्री सोनवानी ने आगे बताया कि इसके बाद जनवरी 1995 से मैंने भनपुरी स्कूल में एक शिक्षक के रूप में सेवा देने के साथ ही सुबह और शाम फ्री योग प्रशिक्षण देना शुरू किया। इससे पूरी तरह से फिट होने के साथ सेवा देने के बाद रिटायर हुआ। लेकिन, मेरी योग और षट् कर्म की शिक्षा अभी तक जारी है। इसके साथ ही योग आयोग का गठन होने के बाद से अब तक भनपुरी स्कूल के योग खिलाड़ियों का हर बार राष्ट्रीय ओलंपियॉड और राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए भी सबसे ज्यादा चयन हुआ है।



**सोनवानी गुरुजी की दिनचर्या ही नहीं बदली**

*आगे बताया कि भनपुरी स्कूल के 70 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अब तक नेशनल लेवल पर प्रदर्शन किया है। इनमें से 12 योग खिलाड़ियों ने नेशनल नेवल पर पहले और दूसरे स्थान को प्राप्त करते हुए अवार्ड प्राप्त किया है। दर्जनभर से ज्यादा शिष्यों ने योग शिक्षक के रूप में कॅरियर बना लिया है। वे गुरु पूर्णिमा पर मिलने आते हैं। रिटायरमेंट के बाद भी सोनवानी गुरुजी की दिनचर्या नहीं बदली। वे रोज सुबह स्कूल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को योगाभ्यास कराने के लिए जाते हैं। शाम को स्कूली छात्र-छात्राओं को योग और षट्कर्म सिखाते हैं।*

## छात्रों का भविष्य संवारने नहीं लेते छुट्टी, संडे को भी पाठशाला

बुधवार को गुरु पूर्णिमा है। सनानत परंपरा में गुरु-शिष्य का अनूठा संबंध और स्नेह आज भी बना हुआ है और राज्यभर में कई ऐसे गुरु भी मिल जाएंगे, जिन्होंने शिष्यों के लिए खुद का समर्पित कर रखा है। इन्हीं गुरुओं में रायपुर के शिक्षक बिहारीलाल शर्मा भी हैं, जो अपनी सैलरी से न केवल गरीब बच्चों की सालाना फीस भर रहे हैं, बल्कि हर साल तकरीबन 400 बच्चों के लिए जूते-ड्रेस और बैग्स का भी इंतजाम कर रहे हैं। श्री शर्मा वर्तमान में नगर माता बिन्नी बाई सोनकर गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय भाठागांव में कार्यरत हैं। उनका कहना है कि आज भी कई बच्चों के पास सालाना फीस जमा करने का भी पैसा नहीं होता। ऐसे विद्यार्थियों की फीस जमा करता हूं। पांच सालों में 300 से अधिक बच्चों की फीस का इंतजाम किया है। इनमें से कई विद्यार्थी 12वीं के बाद जॉब करने लगे हैं। पढ़ाई के साथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य है, ताकि शिक्षा और मेहनत के दम पर वे अपना भविष्य बेहतर कर सकें।



### 400 विद्यार्थियों को हर साल जूते-मोजे व स्कूल बैग का वितरण

सामान्य बच्चों की तरह गरीब परिवार के बच्चे भी स्कूल बैग और पूरी ड्रेस में स्कूल पहुंचें, इसके लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री शर्मा द्वारा हर साल पहली से 12वीं तक 400 से अधिक बच्चों को जूते-मोजे, ड्रेस व स्कूल बैग प्रदान किए जाते हैं। स्कूल में प्रतिदिन विद्यार्थियों को अंग्रेजी, योग, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान व हमारे देश तथा प्रदेश की विभिन्न परंपरा, संस्कृति, त्योहार के विषय में जानकारी देते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षक के रूप में जीवन हमेशा विद्यार्थियों के लिए समर्पित होगा। शिक्षक बनने के बाद मन में ठान लिया कि था शिक्षा को सरल बनाना है, जिसे ग्रहण करने आर्थिक स्थिति कभी बाधा न बने। बचपन से ही माता-पिता को दूसरे लोगों की मदद करते देखा था, इसलिए ये भावना बचपन से ही है।

## गुरु-शिष्य की अटूट परंपरा सरहद पार भी है कायम, संगीत-नृत्य में पाई महारत

गुरु-शिष्य परंपरा केवल ज्ञान के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन के संस्कार, अनुशासन और समर्पण की ऐसी यात्रा है, जो समय के साथ और अधिक प्रगाढ़ होती जाती है। इसी परंपरा का एक सुंदर उदाहरण हैं यूनाइटेड किंगडम की प्रख्यात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और शास्त्रीय संगीत, भरतनाट्यम की ख्याति प्राप्त गायिका-नृत्यांगना डॉ. देवीना नागराज, जिन्होंने बाल्यावस्था से ही संगीत साधना का मार्ग अपनाया। डॉ. देवीना ने कक्षा तीसरी के बाद से डॉ. दीपक बेड़ेकर के सान्निध्य में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्रारंभ की। छह वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूर्ण करते हुए उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा, अनुशासन और अथक परिश्रम से सभी का ध्यान आकर्षित किया। बचपन से ही वे पढ़ाई और संगीत, दोनों क्षेत्रों में समान रूप से मेधावी रहीं। संगीत साधना के दौरान उन्हें देश की प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिला। ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उन्होंने उत्कृष्ट शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया, वहीं इलाहाबाद में आयोजित प्रतिष्ठित संगीत समारोह में उनके गायन को संगीत जगत के दिग्गजों ने सराहा। इन अवसरों पर गुरु डॉ. दीपक बेड़ेकर तथा उनकी धर्मपत्नी एवं संगीत शिक्षिका मंजूषा बेड़ेकर ने संगत कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह किसी भी गुरु के लिए अत्यंत गर्व का क्षण होता है जब उसका शिष्य राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाए। संगीत के साथ-साथ डॉ. देवीना ने भरतनाट्यम की भी विधिवत शिक्षा प्राप्त की और अनेक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार अर्जित किए।वर्तमान में डॉ. देवीना की 16 माह की पुत्री कौशिकी भी संगीत के प्रति स्वाभाविक रुचि दिखाने लगी हैं। यूनाइटेड किंगडम में रहते हुए डॉ. देवीना स्वयं भी नियमित रूप से भारतीय शास्त्रीय संगीत का अभ्यास करती हैं और अपनी पुत्री को भी शास्त्रीय संगीत सुनाती हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इतनी छोटी उम्र में भी कौशिकी भारतीय शास्त्रीय संगीत को बड़े ध्यान और आनंद से सुनती है। जब भी डॉ. देवीना भारत आती हैं और संगीत का वातावरण बनता है, तब कौशिकी की इस रुचि को देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। डॉ. देवीना की हार्दिक इच्छा है कि समय आने पर उनकी पुत्री भी डॉ. दीपक बेडेकर एवं मंजूषा बेडेकर के सान्निध्य में विधिवत शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त करें और संगीत की इस समृद्ध गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।



### गुरु कृपा रही कि आज मैं पंडवानी गायन में पद्मश्री से सम्मानित हूं

16 साल के उम्र में मेरे गुरु महेत्तर दास बघेल और गुरु मां सुकवारो जांगड़े ने तंबूरा थमाया था। बचपन से ही पंथी नृत्य, गायन और पंडवानी गायन का शौक रहा। पंथी नृत्य व गायन गुरु पुरानीक लाल चेलक, पद्मश्री देवादास बंजारे से सीखा और पंडवानी की आगे की दीक्षा पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई से प्राप्त की। अपने इन गुरुओं की कृपा से ही आज मैं पद्मश्री पंडवानी गायिका बन सकी हूं। ये कहना है पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले का। उन्होंने कहा कि हमेशा से ही गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया है। हमेशा गुरु पूर्णिमा के दिन मैं अपने गुरुओं को नारियल साल भेंट कर उनका आशीर्वाद लेना नहीं भूलती। आज भी मैं अपने सभी गुरुजनों को याद कर भावुक हो जाती हूं, फिर उनके दिए गुरुमंत्र मुझे हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते हैं।



## प्रीति-आयुष्मान योग में आज गुरु पूजन, ब्रह्म मुहूर्त से संध्याकाल तक शुभ मुहूर्त

आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। शहर के मंदिरों, आश्रमों और धार्मिक संस्थानों में गुरु पूजन, भजन-कीर्तन, सत्संग और विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में भी गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालु अपने गुरुजनों का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर प्रीति योग और आयुष्मान योग का विशेष संयोग बन रहा है। पंचांग के अनुसार दोनों योग अत्यंत शुभ माने जाते हैं। मान्यता है कि इन योगों में गुरु पूजन, दान, जप-तप और धार्मिक अनुष्ठान करने से विशेष पुण्यफल की प्राप्ति होती है। इसी कारण इस बार की गुरु पूर्णिमा का महत्व और बढ़ गया है।

**तीन विशेष समय रहेंगे फलदायी :** गुरु पूर्णिमा पर इस वर्ष श्रद्धालुओं को गुरु पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए दिनभर कई शुभ मुहूर्त मिलेंगे। पंचांग के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:17 बजे से 4:59 बजे तक रहेगा, जिसे पूजा-पाठ, जप और ध्यान के लिए सबसे उत्तम समय माना गया है। इसके बाद विजय मुहूर्त दोपहर 2:43 बजे से 3:37 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में गुरु पूजन, दान-पुण्य और शुभ कार्य करना लाभकारी माना जाता है। वहीं, संध्याकाल मुहूर्त शाम 7:14 बजे से रात 8:17 बजे तक रहेगा। इस दौरान मंदिरों और आश्रमों में विशेष आरती, भजन-कीर्तन और गुरु वंदना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इन शुभ मुहूर्तों में गुरु का पूजन और आशीर्वाद प्राप्त करना विशेष फलदायी माना जाता है।

### गुरु पूर्णिमा पर दादाबाड़ी में चारों दादा गुरुदेव की विशेष पूजा कल

आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को श्री जिनकुशलसूरि जैन दादाबाड़ी, एमजी रोड, रायपुर में चारों दादा गुरुदेव की विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धालु गुरु भक्ति एवं आराधना के साथ पूजा-अर्चना करेंगे।श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली, चातुर्मास समिति अध्यक्ष बसंत लोढ़ा ने जैन समाज के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं चारों दादा गुरुदेव की पूजा का लाभ लेने की अपील की है।

### लोकमान्य तिलक जयंती पर महाराष्ट्र स्नेह मंडल का आयोजन, रंगोली सहित कई प्रतियोगिताएं

कॉर्नर न्यूज

# तिलक के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर आधारित मराठी लघु नाटिका के मंचन में दिखाई देशभक्ति, जयोस्तुते गीत ने भरा जोश

रायपुर। महाराष्ट्र स्नेह मंडल, नेहरु नगर द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार स्मृति नगर में किया गया। लगातार 10वें वर्ष आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे लोकमान्य तिलक उद्यान में दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। मुख्य समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् से हुई। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीएसपी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, प्रमुख वक्ता पद्मश्री डॉ. रामचंद्र गोडबोले, पद्मश्री सुनीता गोडबोले, स्मृति नगर गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे, अध्यक्ष उदय मानकर और संरक्षक सुधीर कोन्हेर ने दीप प्रज्वलन किया। अध्यक्ष उदय मानकर ने स्वागत भाषण दिया और राजीव चौबे ने विचार रखे।



### मराठी लघु नाटिका का मंचन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तिलक के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर आधारित मराठी लघु नाटिका का मंचन रंजना देशपांडे, शोभना चेंडके, राजश्री मानकर, अश्विनी काले और स्वाति हिरवे द्वारा किया गया। माधुरी केलकर, शुभांगी शिवडेकर, प्रभा क्षीरसागर एवं सुगंधा रहाटगांवकर द्वारा छत्तीसगढी नृत्य प्रस्तुत किया गया। वीर सावरकर द्वारा रचित मराठी देशभक्ति गीत जयोस्तुते जयोस्तुते को गजानन अधापुरकर, सुशोभ हिरवे, सतीश देशपांडे, जयश्री भांगे, वैशाली अरमरकर तथा यजेश हिरवे के द्वारा प्रस्तुत किया।

### स्पर्धा के विजेता हुए सम्मानित

प्रमुख वक्ता डॉ. रामचंद्र गोडबोले ने तिलक के व्यक्तित्व पर व्याख्यान दिया। सुनीता गोडबोले ने जनजाति क्षेत्रों में कार्यों का अनुभव साझा किया। अंतर्शालेय प्रश्नोतरी में अश्मित कौर विरदी, होशिका साहू, इशिता साहू को प्रथम तीन पुरस्कार मिले। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। संचालन सतीश देशपांडे ने किया। वनवासी कल्याण आश्रम के नागेश काले, रेखा काले सहित डॉ. अनघा आगाशे, विजय बक्षी, मंदा ताई कामिनकर, किशोर खिरोडकर, आरती कोन्हेर, अश्विनी काले, प्रवीण काले, रंजना देशपांडे, स्वाति हिरवे एवं संस्था के सभी सदस्य, विद्यालयों के प्राचार्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

